श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 175, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 21 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मूसेवाला मर्डर: दो शार्प शूटर ढेर

## अब तक चार की मौत, डीजीपी भी मौके पर पहुंचे



**चंडीगढ़/अमृतसरः** सिंगर मूसेवाला के मर्डर में 2 गैंगस्टर्स को पंजाब पुलिस ने बुधवार को अमृतसर में मार गिराया। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से 10 किलोमीटर दूर करीब 5 घंटे तक एनकाउंटर चला। सूत्रों ने बताया कि मरने वाले गैंगस्टर्स के नाम जगरूप रूपा और मनप्रीत मन्नू हैं। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के एडीजीपी प्रमोद बान ने बताया कि हमें सीक्रेट इन्फॉर्मेशन मिली थी। उन्होंने कहा कि जगरूप रूपा और मनप्रीत मन्नू कुस्सा को मार गिराया गया है। मौके से एक एक-47 और पिस्टल बरामद हुए हैं। इस ऑपरेशन में 3 पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। इधर, अटारी से विधायक जसविंदर रामदास ने दावा किया है कि एनकाउंटर में 4 गैंगस्टर्स मारे गए हैं। पंजाब पुलिस ने अभी यह कन्फर्म नहीं किया है कि मारे गए लोग गैंगस्टर्स हैं या फिर आतंकवादी। पुलिस थोड़ी देर में पूरे ऑपरेशन के बारे में जानकारी देगी। मूसेवाला की हत्या में शामिल जगरूप रूपा, मनप्रीत मन्नू कुस्सा को मार गिराया है। दीपक मुंडी अब तक फरार है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मूसेवाला के मर्डर के बाद ये सभी पाकिस्तान भागने की फिराक में थे इसीलिए ये बॉर्डर के पास ठहरे थे। ये सभी भकना गांव में खेत में बने एक मकान में छिपे हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि यहां कोई नहीं रहता था। 52 दिन से पुलिस की टीमें इनकी तलाश कर रही थीं।

**2 किलोमीटर का इलाका सील किया गया थाः** एनकाउंटर के दौरान एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, स्पेशल ऑपरेशन सेल, आर्गनाइज्ड क्राइम कंट्रोल यूनिट मौजूद थी। इसके अलावा पुलिस के बेस्ट शूटर और क्विक रिएक्शन टीम भी पहुंची थी। एनकाउंटर के दौरान पुलिस ने 2 किलोमीटर का इलाका सील कर दिया था। लोगों को हिदायत दी थी कि ऑपरेशन के दौरान वे घरों में ही रहें।

**गैंगस्टर्स ने पुलिस पर एके-47 से गोलियां दागीं:** पुलिस ने गैंगस्टर्स को सुबह करीब 11 बजे घेरा था। शुरूआती दो घंटों में दोनों तरफ से जोरदार फायरिंग हुई। गैंगस्टर्स ने पुलिस पर एके-47 से गोलियां दागीं। पुलिस का कहना है कि मूसेवाला के कत्ल में इस्तेमाल हुए हथियार इन्हीं गैंगस्टर्स के पास थे। वे इन्हीं हथियारों से पुलिस पर हमला कर रहे थे।

**मन्नू कुस्सा ने ही मूसेवाला को मारी थी पहली गोली:** शार्पशूटर मन्नू कुस्सा गैंगस्टर, लॉरेंस और उसके कनाडा में बैठे साथी गोल्डी बराड़ का करीबी है। 29 मई को मानसा के जवाहरके गांव में मूसेवाला को एके-47 से पहली गोली मन्नू ने ही मारी थी। जेल में मन्नू की पिटाई का एक वीडियो वायरल किया गया था। मन्नू को शक था कि बंबीहा गैंग ने उसे पिटवाकर बदनामी कराई। जिस वजह से वह गुस्से में था।

## दिनेश खटीक ने अमित शाह को इस्तीफा भेजा, कहा- कार दे दी, अधिकार नहीं दिए; जितिन भी नाराज

# योगी के दो मंत्री सरकार से नाराज

**लखनऊः** योगी सरकार के मंत्रिमंडल में सब कुछ ठीक नहीं है? यह सवाल मंगलवार की शाम से ही सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच सरकार में जलशक्ति (इरीगेशन एंड वाटर रिसोर्सेज डिपार्टमेंट) राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने अपना इस्तीफा देश के गृह मंत्री अमित शाह को भेज दिया है। एक चिट्ठी भी भेजी है। हालांकि, सरकार की तरफ से अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सरकार ने इन खबरों को महज अफवाह बताया है। उधर, पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद भी नाराज हैं। इस मसले पर ट्वीट करके अखिलेश ने कहा कि, "जहाँ मंत्री होने का सम्मान तो नहीं परंतु दलित होने का अपमान मिले ऐसी भेदभावपूर्ण भाजपा सरकार से त्यागपत्र देना ही अपने समाज का मान रखने के लिए यथोचित उपाय है। कभी-कभी बुलडोजर उल्टा भी चलता है।"

**"अफसर दलितों का अपमान कर रहे":** मंत्री दिनेश खटीक ने चिट्ठी में लिखा, "दलित होने की वजह से अफसर मेरी बिल्कुल नहीं सुनते। अभी तक विभाग में मुझे कोई काम तक नहीं मिला है। दलित समाज का राज्य मंत्री होने के कारण उनके किसी भी आदेश पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। न ही उन्हें सूचना दी जाती है कि विभाग में कौन-कौन सी योजनाएं चल रही हैं। उन पर क्या कार्यवाही हो रही है? यूपी सरकार के अफसर दलितों को अपमान कर रहे हैं।" मंगलवार को खटीक कैबिनेट मीटिंग में शामिल हुए। इसके बाद सिक्योरिटी और सरकारी गाड़ी छोड़ दी और मेरठ के गंगानगर में अपने घर चले गए। इससे पहले संगठन मंत्री सुनील बंसल से मुलाकात कर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। नाराज मंत्री ने 5 लोगों को चिट्ठी भी भेजी है। खटीक ने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया है। दिनेश खटीक की अपने विभाग के कैबिनेट मंत्री से नहीं पट रही। करीब 10 दिन पहले दिनेश खटीक बहुत नाराज हुए थे। तब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य उनको मनाने के लिए उनके घर भी गए थे।



दिनेश खटीक

### RSS का आशीर्वाद आया काम

- 2017 में पहली बार बने विधायक
- पिता रहे हैं संघ के कार्यकर्ता
- दिनेश खुद संघ से जुड़े रहे
- कैबिनेट विस्तार में योगी ने दिया था मौका



जितिन प्रसाद

### विरासत में मिली सियासत

- इनके पिता थे दिग्गज कांग्रेसी
- जितिन टीम राहुल गांधी में थे अहम सदस्य
- केंद्र में मंत्री भी रहे चुके हैं
- ब्राह्मण चेहरे के तौर पर बीजेपी में मिली थी एंट्री

### राज्यमंत्री को भी दी जाए जिम्मेदारी: सीएम योगी



**सरकार** के गठन के बाद सीएम योगी ने कैबिनेट मंत्रियों से कहा था कि सभी अपने-अपने राज्यमंत्रियों को जिम्मेदारी दें। विभाग के काम का बंटवारा भी करें।

स्वतंत्र देव सिंह बोले- मुझसे दिनेश खटीक नाराज नहीं: जल शक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनकी राज्य मंत्री दिनेश खटीक से तो रोज बात होती है। दिनेश नाराज नहीं है। इस्तीफे के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### भ्रष्टाचार पर पीएम मोदी-सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति: जितिन प्रसाद

**नई दिल्ली: यूपी** में ट्रांसफर विवाद चर्चा में है और विपक्ष सरकार को घेर रहा है। योगी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद का कहना है कि भ्रष्टाचार पर पीएम मोदी और सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति है। अगर विभाग में कोई अनियमितता है तो सरकार ठोस कदम उठाएगी। जिसमें निष्पक्ष जांच की जाएगी। अगर कोई गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई होगी। साथ ही जहां पर जरूरत महसूस होगी बदलाव भी किए जाएंगे। नाराजगी की कोई बात नही है।

सीएम योगी के नेतृत्व में हम काम कर रहे हैं: मंत्री जितिन प्रसाद का कहना है, जहां तक तबादलों की बात है तो अव्यवस्था होने पर बदलाव किया जाएगा। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत आगे की कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी।

# जीएसटी को वापस ले केन्द्र सरकार : राहुल गांधी



**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार को वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) वापस लेनी चाहिए। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि यह जीएसटी आम लोगों पर भारी पड़ रही है। महंगाई से जूझती जनता की बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी मूल्य वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी पर संसद में तत्काल बहस चाहती है। लेकिन केन्द्र सरकार मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है। जयराम रमेश ने कहा कि आज सुबह राज्यसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने मूल्य वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी पर तत्काल बहस की मांग की। लेकिन सरकार इन मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई।

## बड़ी बेंच के पास जा सकता है महाराष्ट्र का सियासी मामला

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र के सियासी संकट पर उद्धव ठाकरे की अगुआई वाले खेमे और एकनाथ शिंदे खेमे की याचिकाओं पर चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में सुनवाई खत्म हो गई है। सुनवाई के दौरान उद्धव गुट के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर शिंदे की याचिका सुनी गई, तो एक चुनी हुई सरकार गिराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है तो नई सरकार को शपथ नहीं लेनी थी। इस दलील पर एकनाथ शिंदे गुट की ओर से हरीश साल्वे ने कहा कि लोकतंत्र में लोग इकट्ठा हो सकते हैं ।

# चीन ने डोकलाम के पास बनाया गांव

## भूटान की जमीन पर लोगों को बसाया



**डोकलामः** चीन भूटान के रास्ते भारत को घेरने की तैयारी कर रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों में इसका खुलासा हुआ है। इसमें पता चला है कि चीन ने डोकलाम से 9 किमी दूर भूटान के अमो चू घाटी में गांव बसा लिया है। भूटानी इलाके में मौजूद इस गांव का नाम चीन ने पंगडा रखा है। इस गांव के निर्माण की तस्वीरें नवंबर 2019 में आई थीं और अब ये गांव पूरी तरह से आबाद है। लगभग हर घर के आगे कार दिखाई दे रही है। पंगडा के पास ही ऑल वेदर रोड है, जो चीन ने भूटान की जमीन पर कब्जा कर बनाई है। यह रोड तेज बहाव वाली अमो चू नदी के किनारे है, जो भूटान के 10 किमी अंदर है। डोकलाम वही जगह है, जहां साल 2017 में चीन और इंडियन आर्मी का सामना हुआ था। चीन अमो चू घाटी में गांव और रोड कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी कर रहा है। यह घाटी चीनी कब्जे वाली भूटान के सबसे बड़े इलाके से करीब 30 किमी दक्षिण में है। इस इलाके पर चीन ने पिछले साल कब्जा किया था। इन एक्टिविटी की वजह से सिक्किम में भारतीय सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ गई है।

**इस निर्माण का भारत पर क्या असर होगाः** इस निर्माण का देश पर असर पड़ना तय है, क्योंकि अमो चू के आसपास निर्माण की वजह से चीनी आर्मी रणनीतिक तौर पर अहम डोकलाम पठार तक आसानी से पहुंच सकती है। इससे चीन भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर तक आसानी से पहुंच बना सकती है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर के राज्यों को बाकी देश से जोड़ता है।

## अब गुजरात में पुलिसकर्मी की कुचलकर हत्या

**आणंदः** हरियाणा और झारखंड के बाद अब गुजरात में एक पुलिसकर्मी की कुचलकर हत्या कर दी गई है। बीते 24 घंटे में तीन पुलिस वालों की हत्या ने सरकार के साथ-साथ आला अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक गुजरात के बोरसाड में एक पुलिस कांस्टेबल पर जानलेवा हमला किया गया। बताया जा रहा है कि राजस्थान के एक संदिग्ध ट्रक ने दोपहर एक बजे पुलिसकर्मी किरण राज को कुचल दिया। ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिसकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि बीते 24 घंटों में इससे पहले झारखंड और हरियाणा में भी पुलिसकर्मी की कुचलकर हत्या कर दी गई।

**झारखंड में महिला दरोगा की कुचलकर हत्याः** झारखंड की राजधानी रांची में पशु तस्करों ने संध्या टोपनो नाम की एक महिला सब-इंस्पेक्टर को वाहन चेकिंग के दौरान कुचलकर मार डाला।

टोपनो तुपुदाना ओपी के प्रभारी के पद पर तैनात थीं। आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर लिया गया है। रांची के एसएसपी ने इसकी जानकारी दी। यह घटना बुधवार की सुबह तीन बजे की बताई जा रही है।

# मोहम्मद जुबैर को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने फैक्ट चेक से जुड़ी वेबसाइट आल्ट न्यूज के संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से दर्ज छह एफआईआर के मामले में अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने जुबैर को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जुबैर को लगातार हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने बीस हजार रुपये के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जुबैर का बेल बांड दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के यहां भरा जाएगा। कोर्ट ने आज शाम छह बजे से पहले जुबैर को रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने जुबैर के खिलाफ उप्र में दर्ज सभी छह एफआईआर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जुबैर के खिलाफ भविष्य में होने वाली एफआईआर में भी गिरफ्तारी पर सुरक्षा दी है। इसका मतलब है कि भविष्य में कोई भी एफआईआर दर्ज होने पर वो अपने आप दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के पास ट्रांसफर हो जाएगा। कोर्ट ने कहा कि सभी एफआईआर मिलते-जुलते हैं। सुनवाई के दौरान जुबैर की वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा कि याचिकाकर्ता पत्रकार है। उसके कुछ ट्वीट के आधार पर परेशान किया जा रहा है। उप्र में दर्ज सभी एफआईआर एक जैसे हैं। दिल्ली का मामला भी मिलता-जुलता है। उसमें नियमित जमानत मिल गई है। तब जस्टिस चंद्रचूड़ ने पूछा कि क्या आप सब एफआईआर जोड़ने की बात कर रही हैं।

## 5 कश्मीरी पंडितों सहित 21 हिंदुओं की हुई हत्या

# 2019 में जम्मू-कश्मीर में मारे गए 118 नागरिक



**नई दिल्ली/जम्मू-कश्मीर**

सरकार ने बुधवार को कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पांच कश्मीरी पंडितों और 16 अन्य हिंदुओं और सिखों सहित 118 नागरिक मारे गए थे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में यह भी कहा कि घाटी में जम्मू-कश्मीर सरकार के विभिन्न विभागों में 5,502 कश्मीरी पंडितों को नौकरी प्रदान की गई है और अगस्त 2019 से किसी भी कश्मीरी पंडित ने कथित तौर पर घाटी से पलायन नहीं किया है।

**तीन वर्षों में आतंकवादी हमलों में काफी गिरावट आईः** राय ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में आतंकवादी हमलों में काफी गिरावट आई है। ये आंकड़ा 2018 में 417 से 2021 में 229 पर आ गया। 5 अगस्त 2019 से 9 जुलाई 2022 तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा 128 सुरक्षा बल के जवान और 118 नागरिक मारे गए। 118 नागरिकों में से 5 कश्मीरी पंडित थे और 16 अन्य हिंदू और सिख समुदायों के थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी तीर्थयात्री की मौत नहीं हुई है। मंत्री ने कहा कि सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों को प्रधानमंत्री विकास पैकेज (पीएमडीपी) के तहत नौकरी दी गई है। जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को 5 अगस्त, 2019 को निरस्त कर दिया गया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।

# 5जी मोबाइल सर्विस की शुरूआत चालू वित्त वर्ष में संभवः अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्लीः** दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियां द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 में 5जी मोबाइल सर्विस की शुरूआत होने की संभावना है। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में यह जानकारी दी।

अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में केशरी देवी पटेल और कनकमल कटारा के सवाल के लिखित जबाव में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 5जी मोबाइल सेवाएं आरंभ किए जाने की संभावना है। संचार मंत्री ने एक अन्य सवाल के जबाव में बताया कि दूरसंचार विभाग ने महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को ह्यसी-डॉटह्ल के साथ 5जी प्रौद्योगिकी के परीक्षण शुरू करने की अनुमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की शुरूआत 26 जुलाई से होने वाली है। 5जी की नीलामी में कम से कम 4.3 लाख करोड़ रुपये के कुल 72 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को नीलामी के लिए रखा जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 14 जून, 2022 को इसकी मंजूरी प्रदान की थी। इसके लिए जियो ने 14 हजार करोड़ रुपये, भारती एयरटेल ने 5,500 करोड़ रुपये, अडाणी डेटा नेटवर्क्स ने 100 करोड़ रुपये और वोडाफोन-आइडिया ने बोली के लिए ईएमडी राशि जमा कराया है।

## खबर संक्षेप

### सदस्य क्षेत्र पंचायत के तीन व सदस्य ग्राम पंचायत के एक उम्मीदवार ने किया नामांकन, 04 अगस्त को होगा चुनाव

**करछना।** त्रिस्तरीय पंचायत के रिक्त पदों पर करछना विकाश खण्ड में नामित जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत यादव व सहायक निर्वाचन अधिकारी आनन्द कुमार सिंह के समक्ष हिंदूपुर द्वितीय पर वार्ड संख्या 57 से महिला सामान्य सीट पर सदस्य क्षेत्र पंचायत के पद पर तीन उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी पेश की।जिसमे रीना पत्नी उमाकांत निवासी फत्तेपुर,प्रतिभा सिंह पत्नी ओमप्रकाश सिंह उर्फ कबूतर निवासी हिंदूपुर,रंजना पत्नी रामदुलार उर्फ अंगद पटेल निवासी फत्तेपुर ने नामांकन किया।जंहा कुछ पांच नामांकन फार्मो की बिक्री हुयी थी।जिसमे से तीन महिलाओ ने नामांकन किया।वही सदस्य ग्राम पंचायत के झिरी लच्छीपुर गांव के वार्ड संख्या 08 से शैलेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र सभाजीत ने अकेले नामांकन किया।जंहा दो फार्मो की बिक्री हुई था।वही हिंदूपुर में निर्वाचित महिला क्षेत्र पंचायत की मृत्यु के चलते सीट खाली हो गयी थी।

# कोरांव के छापर हरदौन पाल बस्ती में चाकू से गोद गृहस्वामी की हत्या

## लूट की नीयत से दिया गया घटना को अंजाम, पुलिस शव कब्जे में लेकर कर रही जांच

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र स्थित ग्राम छापर पाल बस्ती में एक गृह स्वामी भागीरथी पाल पुत्र फाल्गु पाल 65 वर्ष की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी गई। बता दें कि मृतक भागीरथी पाल उर्फ मुखिया घर में अकेले बीती रात शो रहे थे। सुबह हत्या कांड की जानकारी लोगों को हुई तब पुलिस को सूचना मिली। घर के अंदर सामान वगैरह बिखरे हुए थे। आशंका है कि चोरों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पत्नी नहीं है। दो बहुएं हैं दो बेटे, दोनो बेटे और एक बहु बाहर काम करते हैं। एक बहु फूल कली पाल घर से 100 मीटर की दूरी पर अपने घर में थी। उसे भी सुबह जानकारी हुई। चर्चा है कि इसके पूर्व भी दो तीन बार उक्त घटना को अंजाम देने की कोशिश हो चुकी है। घटना स्थल पर भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा लगा रहा।लाश को पोस्टमार्टम में भेजने के लिए सीओ इंस्पेक्टर कोरांव क्षेत्रीय ग्राम प्रधान गण काफी प्रयास किए किंतु मृतक के रिश्तेदार पुलिस सीओ मेजा अनीता सिंह,इंस्पेक्टर और महिला पुरुष पुलिस बल से जबर जस्ती लाश छुड़ाने लगे। बवाल देख महिला सीओ ने ढेर सारी फोर्ष बुलाली और एसएसपी को भी अवगत किया। साथ ही पुलिस ने व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर वीडीओ बनाकर कारवाई की तैयारी की तबका कर लोग लाश ले जाने देने के लिए राजी हुए। एसएसपी ने मौके वारदात पहुंच कर एसपी जमुनापार से खुलासा करने के लिए पुलिस अफसरों की टीम लगा दी है।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल व अधिकारी


मृतक के रोते बिलखते परिजन

**घटनास्थल पर अक्रोसित दिखे ग्रामीण :** मौके पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंडल प्रयागराज मंत्री शहजादे ग्राम प्रधान और पत्रकार, लाल जी पाल निराला,रोहित पाल प्रधान राजेश तिवारी प्रधान पैंतीहा सद्दाम ,धर्मराज यादव,आदि कई आम जन मृतक के रिश्तेदार मौजूद रहे। मौके पर एसडीएम कोरांव योगेंद सिंह एसपी जमूनापर आदि मौजूद रहे के आदि प्रयास के बावजूद लाश पोमां में गई। हत्या का मुकद्दमा मृतक के पोते द्वारा आशीष पाल ने अज्ञात में दर्ज कराया गया है। मौके पर कुत्ता खोजी फ्रिंगर एस्पर्ट की टीम ने भी जांच की। मृतक के शरीर पर कई जगह धार दार चाकू आदि से घोपने के निशन थे। मृतक के दो बेटे हैं जो गैर प्रांत हैं। एक बहु फूलकली पाल अपने मकान में सौ मीटर की दूरी पर घर में अपने बच्चों के साथ सो रही थी। सुबह जानकारी होने पर पुलिस और मीडिया जनों को सूचना ग्राम प्रधान ने दी। एसएसपी ने एक बहु और पोते आसीस पाल से घटना से सबंधित कुछ हत्या केकरण की संभावित जानकारियां ली और अगल बगल कुत्ते भेज कर तहकीकात कराई। और मृतक के परिजनों को जो दोनो बेटे बाहर हैं उनसे वार्ता कर घटना का खुलासा किए जाने का आश्वाशन दिया।चर्चा है की धन लूटने के चक्कर में उक्त घटना घटी।

# अमिलिया कला गांव में संदिग्ध दशां में युवक की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजारोड।** कोतवाली क्षेत्र अमिलिया कला गांव मे संदिग्ध परिस्थितियों मे प्रेमिका के घर के बगल पेड़ पर फांसी के फंदे से एक युवक लटका मिला। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अमिलिया कला गांव निवासी अभिषेक उर्फ प्रदुम (22) पुत्र विजय भारतीया घर के गांव के ही प्रेमिका के घर के बगल पेड़ पर फांसी पर लटका हुआ मिला। मृतक युवक के परिजनों ने प्रेमिका के घर वालों पर हत्या कर शव पेड़ पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल सुचना पर मेजा थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजते हुए जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है।


पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम को ले जा रहे डेड बॉडी

# जेसीबी से तालाब की खुदाई रोकने पहुंचे लेखपाल पर प्रधान ने किया हमला

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के विगाहिया गांव में जेसीबी से राजस्व के तालाब में की जा रही खुदाई को रोकने पहुंचे लेखपाल पर प्रधान अपने साथियों संग हमला कर दिया। लेखपाल ने प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बारा तहसील के घूरपुर क्षेत्र के राजस्व गांव इरादतगंज के मजरा विगाहिया में ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दिन पूर्व से राजस्व के तालाब में उक्त गांव के प्रधान जेसीबी मशीन से खुदाई करवा रहा था। मगंलवार के दिन ग्रामीणों ने बारा तहसील में शिकायत की तो तहसीलदार के आदेश पर हल्का लेखपाल वीरेंद्र कुमार खरे मंगलवार सांयकाल को रोकने पहुंचे तो आरोप है कि ग्राम प्रधान ने अपने साथियों संग लेखपाल पर हमला बोल दिया। जिस पर अन्य गांव के लोगों ने बीच बचाव कर लेखपाल को सुरक्षित बचा लिया। मामले में लेखपाल ने प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामले की शिकायत पर जसरा विकास खंड अधिकारी डॉ सपना अवस्थी और तहसीलदार ने पुलिस भेज अवैध मिट्टी खनन को बंद करा दिया। लेखपाल ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त प्रधान का तीन ईट भट्ठा है। और गांव के विकास कार्य के नाम पर राजस्व के तालाबों की जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन कराता है। लेखपाल ने उक्त मामले की शिकायत लेखपाल संघ में भी किया है। जिससे लेखपालों में भारी आक्रोश व्याप्त है और कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।


तालाब की अवैध मिट्टी खनन रोकने पहुंचे लेखपाल अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए

## इंद्रदेव की हुई कृपा, किसान के चेहरे खिल गये

**सहसों।** क्षेत्र के किसानों व लोगों का कहना है कि भगवान भोलेनाथ की कृपा कहें या इंद्रदेव की मेहरबानी परन्तु स्वीकार मुझे सब है सावन के सातवें दिन पहली फुहारों से किसानों के मन में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों की माने तो धान की रोपाई के बाद लोगों को उसे ट्यूबवेल के पानी से सींचना एक चुनौतीपूर्ण बात थी। जहां एक ओर जिस किसान के पास स्वयं का सिंचाई का साधन था उसका तो ठीक, परन्तु जिस किसान के पास साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण 100 रुपए प्रति घंटा के हिसाब से सिंचाई बहुत ही महंगी पड़ रही थी जहां किसानों पर आर्थिक दृष्टि से खासी मेहनत करना पड़ा, वहीं मेहरबान हुए इंद्रदेव ने बारिश की पहली फुहार से किसानों के चेहरों पर खुशी बिखेर दिए हैं। तथा खेतों में रोपाई के लिए नर्सरी से धान के पौधे को उखाड़ना भी शुरू कर दिए हैं। लेकिन किसानों का यह कहना है कि अभी भी ट्यूबवेल का पानी उपयोगी खेतों में सहारा लेना पड़ेगा। उसके बाद बारिश का ही सहारा होगा। वहीं उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो गया था पुरवाई की हवाओं से लोगों को घुटन सा महसूस होने लगा था परन्तु भगवान इंद्रदेव ने जीव-जंतु पेड़-पौधे इत्यादि पर अपनी कृपा की बारिश कर के लोगों में उमस भरी गर्मी से निजात दिलाई व किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## शौच को गई युवती के साथ अश्लील हरकत ,मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शौच के लिए खेत पर गयी युवती को एक युवक पकड कर अश्लील हरकतें की तथा इज्जत लूटने का असफल प्रयास किया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक युवती का आरोप है कि वह शौच के लिए खेत पर गयी थी तभी गांव का एक युवक आया उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा और आबरु लूटने का असफल प्रयास किया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। युवती ने मऊआइमा थाने में राजकरन पुत्र स्वर्गीय सुखदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## किशोरी अपहरण मामले में युवक व स्वजनों पर मुकदमा

**मऊआइमा।** एक किशोरी को एक युवक और परिजनों की साजिश से बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया ।किशोरी की माता ने युवक और युवक के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गुड्डू का भांजा रहमान बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया। आरोप है कि रहमान साराडीह का रहने वाला है वह गुड्डू ,अनीस की साजिश से भगा ले गया। किशोरी की माता ने रहमान निवासी बाराडीह तथा साजिशकर्ता गुड्डू और अनीस निवासी कटभरपरमेजपुर के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है ।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई चोटहिल हुए है । पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव निवासनीय नीलम देवी पत्नी भुलई का आरोप है कि उसके विपक्षी एक राय होकर उसके घर पर चढ आए तथा दो पुत्रियां और नाती को पीट पाट कर जख्मी कर दिए। नीलम देवी ने मऊआइमा थाने में राज कुमार ,रवि ,शशी ,विजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम सकरामऊ निवासनीय सोनी सरोज पत्नी हनुमंत का आरोप है कि उसके विपक्षी उसके पति हनुमंत को मार कर सिर फोड दिया है।पुलिस ने सोनी सरोज की तहरीर पर गांव के ही श्रवण कुमार पुत्र बाबूलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### शहर कांग्रेस के अध्यक्ष ने नगर निगम नैनी वार्ड 15 के गठन पर हुई समीक्षा बैठक



**नैनी।** आज बुधवार को शहर कांग्रेस पार्टी की एक बैठक काटन मिल नयन कुमार कुशवाहा महामन्त्री के आवास पर महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता तथा शहर कांग्रेस के महासचिव राकेश श्रीवास्तव के संचालन में सम्पन हुई। बैठक में नगर निगम के 15 वार्ड के गठन हेतु विस्तार से चर्चा और सभी वार्ड की समीक्षा की गयी। बैठक में प्रदीप कुमार वर्मा पूर्व विधायक प्रत्यासी समता पार्टी, प्रदीप सिंह पुरवा खास, सुनील केशरवानी , सुनील श्रीवास्तव आकाशवाणी गायक कलाकार,अमन मिश्रा नेवादा समोगर को पार्टी का दुपट्टा, माला पहना कर पार्टी में शामिल कराया गया। बैठक को संबोधित करने वालों में सर्व श्री नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज सभी महासचिव, अशोक सोनी सचिव, धर्मराज रत्नाकर सचिव, रोहित कुशवाहा, नागेश कुमार, प्रवीन सिंह भोले, शिव शंकर मिश्रा, निजामुद्दीन, नूर आलम, राजेश केश वानी, अकरम खान, अनिल कुशवाहा, अभनित कुशवाहा, शिवा नन्द यादव, अजय मसीह, अब्दुल गनी, राजकुमार कुशवाहा, दिनेश अंबेडकर, विजय कुमार कुशवाहा, मुन्ना जाफरी आदि लोग शामिल रहें।

### थाना प्रभारी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**मेजा रोड।** मेजारोड चौराहे पर कोतवाली पुलिस के द्वारा बुधवार की शाम थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ चौराहे के चारों रोड, सिरसा रोड, मिर्जापुर रोड,कोरांव रोड तथा पटेल चौराहे पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह ने लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल सूचना दे समस्या का समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को कायम रखने में के लिए अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए रात दिन क्षेत्र में पैदल गश्त व रात्रि गश्त की जा रही है। गश्त के दौरान पुलिस के द्वारा संदिग्धों से पूछताछ की गई और उनकी तलाशी भी ली गई। इस दौरान चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, दरोगा परलोक चौधरी,दरोगा सचिन देव वर्मा, हेड कांस्टेबल अरविन्द चौबे व हेड कांस्टेबल संजय पाण्डेय मौजूद रहे।

### आर एस एस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न



**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरा तरहार में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं द्वारा गुरु दक्षिणा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक आलोक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और ग्रामीणों को सनातन धर्म से चली आ रही गुरु और शिष्य की परंपरा के विषय में जानकारी दी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलोक जिला प्रचारक यमुना पार आशुतोष खंड प्रचारक शंकरगढ़ शैलेंद्र खंड कार्यवाह शंकरगढ़ अभय मुख्य शिक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा प्रखंड शंकरगढ़ राम नेवाज जिला पंचायत सदस्य वंदना सिंह मंडल अध्यक्ष मनकामेश्वर मंडल जयप्रकाश त्रिपाठी सेक्टर संयोजक मनकामेश्वर मंडल हेमराज बच्चा शुक्ला राजेंद्र प्रसाद मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### विकास खंड जसरा में लगाया गया दिव्यांग शिविर



**जसरा।** विकास खंड जसरा में बुधवार को लगे दिब्यांग शिविर में सुबह 10 बजे से ही क्षेत्र के दिब्यांगों का आवागमन शुरू रहा। डाक्टरों की टीम पहुंचने पर लोग अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराने के बाद डाक्टरों को दिखाने के लिए जुट गए। ब्लॉक सभागार जसरा में डिप्टी सीएमओ जय किशन सोनकर की अगुवाई में दिब्यांग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 155 लोगों ने अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराया। डिप्टी सीएमओ डा०सोनकर ने बताया कि कुल 53 लोग ही दिब्यांगता की श्रेणी में पाये गए। जिनका प्रमाण पत्र बनाया गया। वहीं 22 दिब्यांगों को उपकरण तथा 10 दिब्यांगों को यूटीआई कार्ड के लिए योग्य पाया गया। इस अवसर पर डा०विधानचंद्र निषाद, डा०राधेश्याम, डा०डा०संकल्प शुक्ल,राधेकृष्णा, अमरजीत यादव,अशोक तिवारी, राजकुमार सहित सैकड़ों दिब्यांग मौजूद रहे। **दूर दूर से आकर निराश लौटे दिब्यांग :** जसरा ब्लॉक में क्षेत्र के दूर दराज गांवों के दिब्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आये। जिसमें कुछ के पास आधार तो कुछ दिब्यांगों के पास अन्य कागजात न होने के कारण उन्हें बैरंग वापस होना पड़ा।

# स्थापना दिवस पर बड़ौदा बैंक ने अनाथालय में लगवाया झूला


फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बैंक ऑफ बड़ौदा का 115वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। वीएन मार्ग, बांस मंडी और बहादुरगंज शाखा द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत बिंदा प्रसाद अनाथालय में बच्चों के लिए झूला लगवाया गया। इसके अलावा अन्य जरूरी सामान प्रदान किए गए।इसी क्रम में महिला सेवा सदन इंटर कालेज को वाटर कूलर और एनी बेसेंट स्कूल को पंखा प्रदान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक कृष्ण कुमार कश्यप और अरुण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य प्रबंधक संजय भावनानी के साथ गरीब व अनाथ बच्चों के बीच फल और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा, बांस मंडी की शाखा प्रबंधक एकता सिंह, शाखा बहादुरगंज के प्रबंधक मनोज कुमार,वीएन मार्ग की प्रबंधक अलका चंद्रा, मंजय यादव, कीर्ति मिश्रा, फैजा रसूल, राधाकुमारी, रविशंकर निषाद, सुशांत शाह, आशीष कुमार, राकेश कुमार चौबे आदि उपस्थित रहे।

## बैंक आफ बड़ौदा के 115 वें स्थापना दिवस पर शाखा प्रबंधक जंघई द्वारा पौधारोपण




**जंघई।** बैंक आफ बड़ौदा के 115 वें स्थापना दिवस पर बुधवार को शाखा प्रबंधक जंघई अजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में राजकीय हाईस्कूल विद्यालय चनेथू के प्रांगण विभिन्न प्रकार के दर्जनों फलदार, छायादार पौधे लगाए गए। पौधारोपण करने के बाद प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है।पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास है हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। पौधारोपण करने वालों में रोहित मिश्रा संयुक्त प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा जंघई, राहुल कुमार सिंह हेड कैशियर बैंक आफ बड़ौदा, प्रधान चनेथू आरती अमन पांडेय एवं श्रीकांत दुबे, अरुण कुमार, रामबहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में पांच अभियुक्त का किया गया चालान

**नैनी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु एवम समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिकक्षेत्र संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व उप निरीक्षक विनय कुमार गुरुदेव व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में पांच अभियुक्त योगेंद्र कुमार पुत्र बबलू सिंह , अरविंद कुमार पुत्र रामबाबू , नागेंद्र कुमार मिश्रा पुत्र चंद्रशेखर प्रसाद मिश्र , राज सिंह पुत्र गब्बर सिंह , परदेशी पुत्र रामदुलार को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया।

# पुण्य कार्यों में भाग लेकर जीवन को सार्थक बनाना चाहिए : हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

**धनूपुर।** श्री शिव महापुराण संगीतमय कथा एवं महामृत्युंजय जप कार्यक्रम के समापन दिवस पर रामापुर, सिरसा में शिव पार्वती मंगल कथा प्रसंग पर बोलते हुए रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने भगवान शंकर एवं पार्वती के पाणिग्रहण कथा का विस्तार से वर्णित किया।बताया कि जगदम्बा पार्वती ने भगवान शंकर जैसे निरन्तर समाधि में लीन रहनेवाले परम उदासीन वीतराग को पति रूप में प्राप्त करने के लिये कैसी कठोर साधना की, कैसे-कैसे क्लेश सहे, किस प्रकार उनके आराध्य देव ने उनके प्रेम की परीक्षा ली और अंत में कैसे उनकी अदम्य निष्ठा की जीत हुई इसका हृदयग्राही तथ मनोरम वर्णन पार्वती मंगल में है। शिव बरात के वर्णन में हास्यरस के मधुर पुट के साथ विवाह एवं विदाई का मार्मिक एवं रोचक वर्णन करके उपस्थित कथा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान नगीना देवी, मानिक चंद्र तिवारी, अनुज महाराज, अंबुज आचार्य, मदन गोपाल आचार्य, अनिल आचार्य, मनीष आचार्य, नरेंदर आचार्य, अभिषेक शुक्ला, प्रदीप कुमार तिवारी दीपक, सुशील कुमार तिवारी, पवन कुमार तिवारी, ध्रुव तिवारी, प्रिंस तिवारी, राघव तिवारी, आशुतोष तिवारी, आदित्य तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## इच्छापूर्ति शिव मंदिर रस्तीपुर में भोलेनाथ का भक्तों ने किया जलाभिषेक



**जंघई।** इच्छापूर्ति शिव मंदिर रस्तीपुर प्रांगण में सावन माह में भक्तगण भोले बाबा का दूध व गंगाजल से अभिषेक कर मंगल कामना कर रहे हैं माहौल भक्ति से ओतप्रोत है हर हर महादेव का जयघोष गूंज रहा है। भक्तों ने शिव बाबा का जलाभिषेक करते हुए मत्था टेक कर मंगल कामना किया। मंदिर में एक तरफ जलाभिषेक, दर्शन-पूजन व दूसरी तरफ मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक चल रहा है वैदिक मंत्रोच्चार गूंज रहे हैं। भक?त भोलेनाथ को भांग-धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मंदार पुष्प, गन्ना आदि अर्पित करने के बाद दूध व जल से अभिषेक कर रहे हैं। भव्य तरीके से पूजन अर्चन रुद्राभिषेक आरती प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ की पूजा विधि विधान से की जाती है जिसमें सूर्यभान चतुवेर्दी, चंद्रमणि चतुवेर्दी, ओमप्रकाश चतुवेर्दी, रजनीश चतुवेर्दी, कुणाल चतुवेर्दी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीएससी ओलम्पियाड द्वारा मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत




अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** सीएससी ओलम्पियाड प्रतियोगितात्मक परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्रों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बारा तहसील के बृज किशोर सिंह स्मारक जूनियर हाईस्कूल विद्यालय डांडो में किया गया। ई ग.सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड के राज्य प्रमुख अतुलित राय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया कि सूदूर ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर बौद्धिक विकास के लिए आयोजित सीएससी ओलम्पियाड प्रतियोगितात्मक परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है, जिसमे कक्षा तीन से इण्टरमिडियट तक के छात्र-छात्रा विषयवार प्रतिभाग करते हैं। जिसमे मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में सीएससी संचालक शिवशंकर यादव द्वारा सीएससी ओलम्पियाड में बृज किशोर सिंह स्मारक जूनियर हाईस्कूल के छात्रों का पंजीकरण 2021 में किया गया था। जिसमे विद्यालय के सत्येंद्र सिंह यादव कक्षा तीन ने गणित विषय में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसी विद्यालय के आयुष पाल कक्षा छः ने गणित विषय में ही प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सीएससी स्टेट हेड द्वारा दोनो छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। सत्येंद्र सिंह यादव को इलेक्ट्रॉनिक साइकिल तथा आयुष पाल को लेनोवो टैब पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों में स्थानीय सीएससी जन सेवा केंद्र संचालको द्वारा अधिक से अधिक छात्र-छात्राओ का सीएससी ओलम्पियाड में पंजीकरण किया जा रहा है, जिससे जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। कार्यक्रम में बृज किशोर सिंह स्मारक जूनियर हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका पुष्पा देवी, सीएससी प्रबंधक आशीष तिवारी, जिला समन्वयक प्रकाश शुक्ला, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकरगढ तथा वीएलई संदीप सिंह, पंकज शर्मा, शीतला प्रसाद सहित सैंकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रयागराज जिले को सूखा घोषित करें सरकार : डॉ अमर बहादुर

**प्रयागराज।** संगम सभागार में बुधवार किसान दिवस पर सपा नेता पूर्व चेयरमैन डॉक्टर अमर बहादुर सिंह यादव ने मुख्य विकास अधिकारी के संमक्ष प्रयागराज को सूखा घोषित करने के लिए आला अधिकारियों के सामने खड़े होकर अपना पक्ष रखा कहा कि 20 जुलाई तक प्राकृतिक तौर पर किसानों की मार चलना पड़ा बारिश न होने से आज तक खरीफ की बुवाई नहीं हुई धान की नर्सरी भी नहीं किसान डाल पाए सूखा घोषित होना अति महत्वपूर्ण विषय है शासन स्तर पर बात पहुंचाते हुए सूखा घोषित हो मौजूद उप कृषि निदेशक प्रयागराज विनोद कुमार शर्मा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज जिला उद्यान अधिकारी बिजली विभाग अधिशासी अभियंता नहर विभाग मुख्य अभियंता मत्स्य पालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मौजूद रहे।

# आनंद गिरि पर जिला अदालत में ही चलेगा मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरी डेथ मामले में आनंद गिरि पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां ही मुकदमा चलेगा । 4 अगस्त को छोटे महंत के नाम से प्रसिद्ध आनंद गिरी पर नरेंद्र गिरी को आत्महत्या के लिए उकसाने और साजिश रचने का आरोप तय होगा।

**नरेंद्र गिरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी हैं आनंद गिरी :**

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व बागांबरी गद्दी मठ, बाघमबारी रोड अल्हापुर के महंत रहे नरेंद्र गिरी को आत्महत्या के उकसाने के मामले में नैनी जेल में बंद आनंद गिरि पर मुकदमे का ट्रायल अब इलाहाबाद की जिला अदालत में ही होगा । सेशन जज ने मामले में क्षेत्राधिकारी पर दाखिल अर्जी पर सुनवाई कर उसे निरस्त कर दिया है साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि मामला प्रयागराज के क्षेत्राधिकारी के अंतर्गत है और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले को संज्ञान लिया है । अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी और आनंद गिरि

4 अगस्त को छोटे महंत पर होगा आरोप तय



पर आरोप निर्धारित की कार्रवाई की जाएगी । सेशन न्यायाधीश अनिल कुमार श्रीवास्तव ने इस अर्जी पर कहा कि इससे पहले मामले के मुख्य आरोपी आनंद गिरि की ओर से अर्जी दाखिल कर क्षेत्राधिकारी पर पहले ही सवाल उठाया जा चुका है।

**नैनी जेल के सामान्य बैरिक में बंद हैं आनंद गिरी :**

मठ बाघमबारी गद्दी के कमरे में 20 सितंबर 2021 को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि मृत पाए गए थे महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध दशा में हुई मौत के मामले में छोटे महंत के नाम से प्रसिद्ध आनंद गिरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था । वहीं सीबीआई जांच के बाद उन पर आरोप पत्र सेशन कोर्ट में पेश किया गया था जिसके बाद उन्हें नैनी सेंट्रल जेल में भेजा गया । इस समय आनंद गिरि नैनी सेंट्रल जेल में सामान्य कैदियों की तरह रह रहे हैं ।

जम्मू कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकवादी संगठनों के संपर्क में रहने वाले 44 आतंकवादियों को 14 मई 2022 को जम्मू से प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था इसके बाद आनंदगिरी को हाई सिक्योरिटी बैरिंग से हटा दिया गया था ।

**नैनी जेल के बैरक में ही टहल सकते हैं आनंद गिरी :**

जेल सूत्रों के मुताबिक आनंद गिरि को जिस बैरक में रखा गया है उसमें कुल चार बंदी हैं बैरक हाल जैसी है। उसी में आनंद गिरी को टहरने की अनुमति दी गई है । आनंद गिरि अपनी बैरक में ही योग और ध्यान करते हैं। वही सुबह और शाम टहल लेते हैं। सामान्य कैदियों की तरह ही आनंद गिरि को भी ट्रीटमेंट दिया जाता है । आनंद गिरि की डिमांड पर उन्हें सुंदरकांड सहित कुल 4 धार्मिक पुस्तकें दी गई हैं आनंद गिरि जेल के अंदर प्रतिदिन स्नान ध्यान के बाद सुंदरकांड का पाठ करते हैं।



सड़क पर लगी गाड़ियों की कई कतारे



गाड़ियों की एक लाइन लगवाते झूंसी इंस्पेक्टर

# वाराणसी-प्रयागराज मार्ग पर फिर लगा जाम

## वोरटेकिंग की वजह से लग जाता है जाम, नहीं रुक रहा बसों का आवागमन

**झूंसी।** जीटी रोड पर बुधवार की दोपहर अलोपीबाग चुंगी से झूंसी पुलिस तक जाम लग गया। कड़ी मसक्कत के बाद पुलिस ने किसी तरह आवागमन सुचारू कराया लेकिन उसके कुछ घंटों बाद फिर भीषण जाम लग गया। जाम में स्कूली बच्चो के साथ सरकारी, प्राइवेट एम्बुलेंश व ऑफिस से घर आने वाले फसे रहे। कावड़ यात्रा की वजह से प्रयागराज वाराणसी मार्ग को वनवे किया गया है। दारागंज झूंसी की ओर भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगी है सड़क की एक पटरी कावरियों के लिए आरक्षित की गई है दूरी से गाड़ियों का आवागमन हो रहा है। बुधवार की दोपहर शास्त्री पुल पर जाम लगने लगा और कुछ ही देर में चुंगी से झूंसी तक पूरी सड़क चोक हो गई झूंसी से शहर की ओर जाने वाले वाहनों की कई लाइन लग गई इस दौरान आमने सामने से दो बसे भी आ गई जिनकी वजह से बाइक सवार भी नही निकल पा रहे थे। जाम में कई एंबुलेंस के साथ स्कूली बच्चे फसे रहे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने घण्टे भर कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह आवागमन सुचारू कराया लेकिन कुछ घण्टो बाद फिर जाम लग गया चार बजे के बाद शुरू हुआ जाम सात बजे तक पूरी तरह से नही छूट पाया था झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह लाठी लेकर सिपाहियों के साथ निकले और गाड़ियों के बीच में खड़े होकर जाम खुलवाने में लगे रहे।



झूंसी के शास्त्री पुल पर लगी गाड़ियों की लम्बी कतार

# कैम्पस सलेक्शन में छात्रों के खिले चेहरे

## शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा : राजेंद्र सिंह पटेल

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** बुधवार को भावापुर स्थित विवेकानंद निजी औधोगिक प्रशिक्षण संस्था के डायरेक्टर राजेंद्र सिंह पटेल के अथक परिश्रम से संस्था के 40 बच्चो का कैंपस सेलेक्शन हुआ। जिसमे लखनऊ से आए सूमी मदरसन लिमिटेड के एचआर प्रदीप कुमार तिवारी ने बच्चो का साक्षात्कार लिए और उस साक्षात्कार में सफल हुए फिटर और इलेक्ट्रिशियन, आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों का चयन हुआ। चयनित बच्चो को रोजगार मिलने से क्षेत्र में बनी हुई है। जिससे संस्था के डायरेक्टर राजेंद्र सिंह पटेल द्वारा सभी सिलेक्टेड हुए बच्चो को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाए। इतना ही नहीं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। तथा सभी छात्रों को अपने काम के प्रति ईमानदारी और लगन से कार्य करने की नसीहत भी दी। और डायरेक्टर राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षा, समाज को एक पीढ़ी द्वारा अपने से निचली पीढ़ी को अपने ज्ञान के हस्तांतरण का प्रयास है। इस विचार से शिक्षा एक संस्था के रूप में काम करती है, जो व्यक्ति विशेष को समाज से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा समाज की संस्कृति की निरंतरता को बनाए रखती है। बच्चा शिक्षा द्वारा समाज के आधारभूत नियमों, व्यवस्थाओं, समाज के प्रतिमानों एवं मूल्यों को सीखता है। बच्चा समाज से तभी जुड़ पाता है जब वह उस समाज विशेष के इतिहास से अभिमुख होता है। शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता तथा उसके व्यक्तित्त्व का विकसित करने वाली प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया उसे समाज में एक वयस्क की भूमिका निभाने के लिए समाजीकृत करती है तथा समाज के सदस्य एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यक्ति को आवश्यक ज्ञान तथा कौशल उपलब्ध कराती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य दूध नाथ पटेल, महेश कुमार विश्वकर्मा,दीपक यादव,राकेश कुमार, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




कैम्पस सिलेक्शन में उपस्थित बच्चे



### पुलिस विभाग में एसआई से प्रोफेसर पद पर चयनित हुए उमाकांत यादव

**करछना।** थाने में तैनात एसआई उमाकांत यादव ने सरकारी डिग्री कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर रचा इतिहास और पुलिस विभाग में काम करते रहने के दौरान अपनी पढ़ाई को हमेशा खाली समय निकाल कर कड़ी मेहनत व लगन से उनकी मेहनत रंग लाई और करछना थाने के सभी पुलिस विभाग के आला अधिकारी ने उनकों दी बधाई व शुभकामनाएं ,पुलिस विभाग में लगन व ईमानदारी और निष्ठा के साथ निष्पक्ष होकर काम करते थे उन्होंन करछना थाने में तैनाती के समय से अपने और जनता के बीच का तालमेल उन्हे न्याय दिलाने के हमेशा पंक्ष धर रहे तथा उनके चाहने वाले व करछना की जनता ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पक्के घाट का अरैल में किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री बुधवार को अरैल में बन रहे पक्के घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अरैल घाट पर कुल 300 मीटर पक्का घाट बनाये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था, जिसमें से अभी 100 मीटर पक्के घाट का निर्माण कराया गया है तथा 200 मीटर और पक्के घाट को बनाया जाना है। मण्डलायुक्त ने कहा कि 200 मीटर और बनने वाले पक्के घाट के बारे में टेक्निकल टीम से रिपोर्ट ले लिया जाए। उन्होंने घाट की उपयोगिता तथा मेला अवधि में घाट तक पानी की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी लेते हुए इस सम्बंध में सिंचाई विभाग, मेला प्राधिकरण एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने कहा कि महाकुम्भ-2025 एवं प्रतिवर्ष लगने वाले माघ मेले के दृष्टिगत घाट को और अधिक विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने वहां पर पार्किंग स्थल के नीचे फूड स्टाल स्थापित किए जाने एवं पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए वोटिंग का प्रस्ताव बनाये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर पीडीए उपाध्यक्ष /मेलाधिकारी श्री अरविंद चौहान, एसडीएम मेला श्री संत कुमार, एसडीएम करछना तथा सिंचाई विभाग के अभियंतागण उपस्थित रहे।



अरैल में चल रहे निर्माणाधीन पक्के घाट का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी

# वैकल्पिक तौर पर सात न्यायालय कक्षों में चलेगा महाधिवक्ता कार्यालय

**प्रयागराज।** महाधिवक्ता कार्यालय में लगी आग से प्रभावित हो रहीं अदालतों के कामकाज को देखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रशासनिक कमेटी ने महाधिवक्ता कार्यालय के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। इसके तहत सात अदालत कक्षों सहित1500 वर्ग मीटर के दो हाल मुहैया कराए गए हैं जबकि प्रवेशद्वार तीन ए पर ई-फाइलिंग होगी। रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल आशीष कुमार श्रीवास्तव की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसकेपूर्व मामले में वरिष्ठ न्यायमूर्ति की अगुवाई वाली खंडपीठ ने अपर महाधिवक्ता, बार एसोसिएशन केपदाधिकारियों केसाथ बैठक कर व्यापक विचार-विमर्श किया। उधर, हाईकोर्ट के रजिस्टार प्रोटोकॉल की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक महाधिवक्ता के 18 जुलाई के पत्र को संज्ञान में लिया गया और उसके तहत महाधिवक्ता कार्यालय के संचालन के लिए न्यायालय कक्ष संख्या 11 को फोटोकॉपी सेंटर के लिए, न्यायालय कक्ष संख्या 12 से 17 तक महाधिवक्ता, अपर महाधिवक्ता, मुख्य स्थायी अधिवक्ता व सरकारी अधिवक्ताओं के बैठने केलिए होगी। इसके अलावा प्रवेश द्वार संख्या तीन-ए के सुरक्षा कक्ष में बनाए गए केबिन में ई-फाइलिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा 1500 वर्ग मीटर के दो हाल दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह व्यवस्था दो महीने के लिए उपलब्ध कराई गई है। जरूरत पड़ने पर हाईकोर्ट इसे वापस ले लिया जाएगा।मुख्य स्थायी अधिवक्ता केआर सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल की ओर से जारी अधिसूचना उन्हें प्राप्त हो गई है। बृहस्पतिवार से नोटिस लिए जाने की व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके पूर्व आज दिन में पौने एक बजे वरिष्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर की अगुवाई वाली पीठ ने अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल, शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार पाल, मुख्य स्थायी अधिवक्ता केआर सिंह हाईकोर्ट बार एसोसिएशन केअध्यक्ष राधाकांत ओझा, महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन की उपस्थिति में इस मामले में व्यापक तौर पर विचार विमर्श किया गया, जिससे कि न्यायालयों के कामकाज का संचालन सामान्य बनाया जा सके।

# जनामि सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर थिरके बच्चे






अखंड भारत संदेश

**एनजीबीयू में जनामि फाउंडेशन के अंतर्गत आयोजित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**फाउंडेशन के अंतर्गत विधि संकाय 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क कर रहा शिक्षित**

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के हनुमानगंज परिसर में जनामि फाउंडेशन के अंतर्गत विधि विभाग द्वारा निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलाधिपति श्री जे एन मिश्र ने कहा कि गरीब घर के बच्चों को शिक्षित करने का कार्य अनुकरणीय है। हमारे यहॉ शिक्षा की बहुत कमी थी लेकिन धीरे धीरे यह कमी पूरी हो रही है। विधि संकाय गरीब छोटे बच्चों को निःशुल्क शिक्षित कर एक प्रेरणा का कार्य कर रहा है, इस सेवा के कार्य से शिक्षा की रौशनी गरीब बच्चों तक पहुँच रही है। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन एवं मॉ सरस्वती की वंदना से हुई। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा एक से इण्टरमीडिएट तक के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। कोमल विश्वकर्मा ने भोजपुरी भक्ति गीत ₹नाच माई के अंगनइया पर नृत्य प्रस्तुत किया। खुशबू ने रंगीलो म्हारो ढोलना₹ गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 4 की छात्रा आंचल और चांदनी ने नैन में राधा बस जाती हो पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण पर नाट्य भी प्रस्तुत किया जिसको लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर जनामि फाउंडेशन के अंतर्गत छः से चौदह वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षित कर रहे बीएएलएलबी के छात्रों को कुलपति प्रो० संजय श्रीवास्तव ने स्मृति चिंह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति डॉ० एस०सी० तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ० राजेश तिवारी, डॉ० दिलीप कुमार सहित सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ# मोनिका सिंह, विनीत प्रताप सिंह, श्रीप्रकाश यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वय अधिष्ठाता, विधि संकाय डॉ० स्वप्निल त्रिपाठी ने किया।

## माफिया अतीक अहमद के प्लाट पर बन रहे फ्लैट को लेने के लिए मची होड़, अब तक आए इतने आवेदन

**प्रयागराज।** लोगों से जबरन जमीन हथियाने वाले भू माफिया और बाहुबली सांसद अतीक अहमद के कब्जे से खाली करायी जमीन पर बन रहे फ्लैट को हासिल करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लूकरगंज में अतीक से खाली करायी जमीन पर पीडीए की ओर से बनाए जा रहे 76 फ्लैट के लिए ऑन लाइन आवेदन करने वालों की संख्या दो हजार से ऊपर चली गई है। जबकि अभी आन लाइन आवेदन की प्रक्रिया के लिए अंतिम तिथि में 11 दिन शेष हैं। यानी 31 जुलाई तक इसके लिए ऑन लाइन आवेदन किया जा सकता है। ऐसे में पीडीए के अधिकारियों को उम्मीद है कि अंतिम तिथि तक ऑन लाइन आवेदन करने वालों की संख्या 3000 से ऊपर जा सकती है। शहर के भूमाफियाओं और बाहुबलियों में शामिल रहे पूर्व सांसद अतीक अहमद के खौफ का दौर आज भी लोगों को दहशत में डाल देता है। ऐसे में जब अतीक के कब्जे से लूकरगंज में जमीन खाली करायी तो यह भी सवाल उठा था कि यहा पर बन रहे फ्लैट को खरीदने वालों की संख्या कम ही रहेगी। लेकिन हकीकत ठीक इसके उलट रही। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत बन रहे इन 76 फ्लैट के लिए महज 20 दिनों में ही ऑन लाइन आवेदन करने वालों की संख्या 2090 तक पहुंच गई। जबकि आवेदन के लिए अभी 11 दिनों का समय शेष है।ऐसे में यह आंकड़ा 3 हजार के ऊपर जाने की उम्मीद है। वहीं फ्लैट के निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए पीडीए के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए है। जिससे निर्धारित तिथि यानी दिसंबर 2022 तक निर्माण कार्य पूरा कराकर उसका कब्जा आवंटियों को दिया जा सके। पीडीए सचिव अजीत कुमार सिंह के मुताबिक आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी आवेदनकाताओं की सूची और जानकारियां सूडा को दी जाएगी। इसके बाद सूडा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अन्तर्गत बनाए पात्रता पर इनकी परख करेगा। उसके बाद फाइनल सूची पीडीए को उपलब्ध कराएगा। इसके बाद पात्र आवेदनकताओं की सूची से लॉटरी के जरिए फ्लैटों का आवंटन होगा ।

**300 खाली प्लाटों के लिए अब 1500 आवेदन :** पीडीए की ओर से विभिन्न आवासीय योजनाओं और कब्जा से खाली करायी गई जमीन के आवंटन के लिए भी आवेदन लिए जा रहे है। इसके अन्तर्गत झूंसी, नैनी और फाफामऊ में खाली पड़े 300 भूखंडों के लिए चल रही आवेदन प्रक्रिया के अन्तर्गत अभी तक 1500 लोगों ने आवेदन किया है। इस योजना के अन्तर्गत आवेदन कताओं के बीच बोली लगाकर भूखंडों का आवंटन किया जाना है।

# हमइ ना सवनवां सोहाय हो, पिया परदेसवा मा छाये...

अखंड भारत संदेश



**स्त्री विरह के प्रतीक कजरी गीतों में झलकता है लोकसंस्कृति का लोकरंग**

**करछना।** कलत जलिका यानी कजरी का अर्थ स्वरूप बहुत ही अलौकिक है। बरखा बहार में प्रकृति रूपी अद्भुत सुंदरी के बादल जैसे लहराते केशगुच्छ, कटि पर समुद्र रूपी घट धारण कर आकाश मण्डल में अद्भुत नृत्य करने समय हवा के झोंकों से अठखेलियां करती बूंदों का मखमली हरी घास से सजी धरती पर गिरने की प्रक्रिया कजरी के वास्तविक स्वरूप को व्याख्यायित करती है। सावन की फुहार से संतृप्त होते खेत,सिवान,घर आंगन,गांव गिरांव और किसान सब के सब पुलकित हो उठे तो वहीं बरखा गीतों में प्रधान कजरी गीत के विभिन्न रूप हमारी माटी, परिपाटी, लोक परंपरा, संस्कार और मौसम का लोकरंजन लेकर हमारे समाज में रच बस गए। मुख्य रूप से स्त्री बिरह का प्रतीक माने जाने वाले कजरी गीत का उद्भव उत्तर प्रदेश का मिजार्पुर जनपद ही माना जाता है। कालांतर में अपनी धुन तर्ज के विभिन्न स्वरूपों में लगभग 84 से अधिक प्रकार को लेकर अवधप्रांत समेत कई प्रदेशों में कजरी गीतों का चलन रहा। सउनाही,झूला,घसिया बेंगा, शायरी, रीवाणी ,मैनपुरिया, बनारसी,चौलर, इलाहाबादी, बलियउटी, पुरवाही, लगवही, निरवही, एकलवरा, रेंवानी, झूलागीत जैसे स्थानीय स्वरूपों में इन गीतों ने अपनी पहचान बनाई। प्रायः धान की रोपाई के समय महिलाओं द्वारा गाए जाने वाला लगवही गीत- पूरबू के देशवा से उमड़ी बदरिया बरसइं लागी ना.... या फिर ताने हुइहैं छतवा,पहीरे हुइहैं मोजवा,आवत हुइहैं ना.. जैसे गीतों का भरपूर चलन रहा। हमैं ना सवनवा सुहाय हो,पिया परदेसवा में छाए। मिजार्पुर कइल्या गुलजार हो,कचौड़ीगली सून कइल्या बलमू। हरे रामा सावन मास सुहावन,बदरिया छाई रे हरी। हरि रामा ऊंची अंटारी, छतनारी चढ़त डर लागइ रे हारी। जसुदा कहइं नंन्द से हंसि के,परि के पंइया हो गोसैंया,हरि जी रेंगइं बकइंया ना। रुनझुन खोला हो केवरिया, हम विदेशवा जाबै ना। पिया मेहंदी लियाद मोतीझील से, जइके साईकील से ना। जैसे कई प्रकार के कजरी गीतों के बोल कोस कोस पर पानी बदले चार कोस पर बानी के अनुरूप अपनी एक पहचान बन गए। इन्हीं गीतों में अपनी माटी की सोंधी गंध रची बसी तो वहीं बोली बानी और देशज शब्दों ने हमारी परंम्परा और लोकाचार के इंद्रधनुषी रंगों को भी पहचान मिली। पिया,रजऊ, करेजऊ, सैंया, बलमू, छानी, छप्पर, पनघट, कोठा, गगरी, अंटारी,बुकनी,तेल,कागा,मुड़ेरी, जैसे ठेठगंवंई शब्दशिल्प संजीदगी के साथ जीवन्त होते रहे। कजरी के अलावा भी बरखा बहार में झूमर,पूर्वी,आल्हा,मल्हार जैसे गीतों का चलन रहा। आज के बदलते दौर में पनघट,पालकी हुक्का चौपाल वाले गांव की बदलती तस्वीर के साथ कजरी गीतों का चलन भी कम दिखाई पड़ रहा है। फिल्मी तर्ज,धुन गीत और ओछेभोजपुरी गीतों के चलन के इस दौर में नई पीढ़ी भी अपनी इस लोकपरंपरा और माटी के गीतों की महक से दूर होती जा रही है। हमारे लोककलाकारों को चाहिए कि अपने इन बरखा गीतों की विरासत को सहेजने के लिए गांव गांव मंचों पर कजरी उत्सव जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से इन्हें जीवंत बनायें। अन्यथा कुछ ही दिनों में कजरी जैसे गीतों का अस्तित्व सिमट कर हमें हमारी अपनी पहचान से दूर कर सकता है।

## थाना हंडिया पुलिस द्वारा शांति भंग के अंदेशा में सात अभियुक्त का किया गया चालान

**हंडिया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने व अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हंडिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक राधा मोहन द्विवेदी एवम उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में सात अभियुक्त मदारबक्स्क पुत्र समसूदीन , मोहम्मद सद्दाम पुत्र अब्दुल , अतुल श्रीवास्तव पुत्र छविनाथ, रिंकू गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता , मेवालाल पुत्र स्व रामखेलावन, राजपत पुत्र राम खेलावन, संतलाल पुत्र स्व मातादीन को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चालान।

# ब्लाक उरूवा में साफ-सफाई का कोई व्यवस्था नही

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान पर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं ।स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, साफ सफाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की सामान्य गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई के प्रति लोगों को जरूर जागरूक किया गया है। स्वच्छ भारत योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोग जिम्मेदार भी दिख रहे हैं। मगर उरुवा ब्लाक के अंदर पुरुष संसाधन में साफ-सफाई की कोई व्यवस्था ही नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि मानो कभी कभी ये पुरुष संसाधन खोले जाते हैं। जिसका दरवाजा भी टूटा हुआ है। और अंदर का नजारा तो देखने लायक नहीं है। अंदर जाने वाले व्यक्ति अपनी नाक पर रुमाल रखकर जाते हैं । बदबू की वजह से जीना दुश्वार हो जाता है ।अंदर हाथ धोने की भी व्यवस्था है लेकिन केवल बेसिन लगाकर छोड़ दिया गया है। उसमें पानी नहीं आता तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं कि बेसिन में पड़े धूल साफ-साफ बयां कर रहे हैं कि इसमें पानी कितने दिनों से नहीं आया। अब ऐसे में क्या कहा जाए, किसको दोष दिया जाए। जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं। जब ये हाल ब्लाक के अंदर है तो गांवो का हालात कैसा हो सकता हैं।





# डॉ अवधेश शर्मा अध्यक्ष तथा सत्यम बने नगर मंत्री

## अभविप की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ नगर की नवीन कार्यकारणी गठन समारोह कार्यक्रम बुधवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुआ। जिला प्रमुख डॉ. ब्रह्मानन्द सिंह, जिला संयोजक रमेश सिंह पटेल,नगर अध्यक्ष संजय त्रिपाठी व नगर सह मंत्री सत्यम सिंह ने माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर सहमंत्री सत्यम सिंह ने पिछले सत्र में नगर में वर्ष भर आयोजित कार्यक्रमों का वृत्त रखा। नगर अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने पुरानी कार्यकारणी भंग किया।

जिला प्रमुख डॉ. ब्रह्मानन्द सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यपद्धति का व्यवहारिक स्थान का अर्थ है इकाई। कार्यपद्धति में जिन सूत्रों का वर्णन किया गया है उन सभी का दर्शन हमें इस इकाई में हो सकता है। चुनाव अधिकारी पीबीपीजी कालेज के डीएलएड विभागाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के बीएड विभागाध्यक्ष डा. अवधेश शर्मा को नगर अध्यक्ष और सत्यम सिंह को नगर मंत्री घोषित किया। इसके बाद नगर अध्यक्ष डॉ. अवधेश शर्मा ने नगर कार्यकारणी की घोषणा की। नेहा श्रीवास्तव, उदयराज सिंह और सुशील पाण्डेय को नगर उपाध्यक्ष, आनंद सिंह, शुभांश गुप्ता, ज्योति जायसवाल, कमल प्रिया पांडेय, शुभम मिश्र, मनीष सिंह को नगर सह मंत्री की घोषणा की। शिवांग श्रीवास्तव को नगर एसएफडी संयोजक,प्रबल सिंह, प्रिंस सिंह को सह संयोजक, ध्रुव शुक्ला को स्टूडेंट फॉर सेवा नगर संयोजक,आदर्श दुबे ,रोहित उपाध्याय, अभिषेक सिंह को सह संयोजक बनाया गया। निशी सोनी को राष्ट्रीय कला मंच नगर संयोजक,आंचल सिंह ,शिवांगी रावत को सह संयोजक, रामेंद्र सोनी को नगर खेल आयाम संयोजक, निशा यादव को सह संयोजक,अश्वनी दुबे को सोशल मीडिया संयोजक,आकाश बरी,प्रभात मिश्रा को सहसंयोजक, अंतिम सरोज को नगर मीडिया संयोजक समेत कइ लोगों को दायित्व सौंपा गया। इस दौरान विभाग प्रमुख डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री अमित देव, जिला सहसंयोजक अमरमणि मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यद्वय अभिषेक वैश्य व अतिथि शर्मा, पट्टी तहसील संयोजक बालाजी ओझा, वैभव, अंकित, अक्षत जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।



अभविप की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण।

# मंहगाई तथा आर्थिक क्षेत्र के हालात बेहद चिन्ताजनक: प्रमोद

## बिजली कटौती पर सीएलपी नेता मोना ने सरकार पर बोला हमला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले की रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सूखे के बने हालात के बावजूद नहरों मे पानी की उपलब्धता नही हो पाने को कृषि क्षेत्र के लिए चिंताजनक करार दिया है।

विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मानसून के दौरान अभी तक प्रतापगढ़ जिले मे बरसात नगण्य ही है। नेताद्वय ने बारिश न होने के कारण किसानों की धान की रोपाई सिंचाई के अभाव में नही हो पाने को फसल पैदावार क्षेत्र के लिए कडी चुनौती भी कहा है। नहरों मे पानी न होने की समस्या को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतन्त्रदेव सिंह से भी किये गये अनुरोध के तहत सरकार से नहरों में पानी छोड़े जाने को लेकर अविलम्ब कदम उठाये जाने को कहा है।

वहीं सीएलपी नेता मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रदेश के ग्रामीण अंचलों मे इस समय भीषण गर्मी तथा कृषि क्षेत्र को सबसे बड़ी आवश्यकता के बावजूद बिजली आपूर्ति की भी लचर व्यवस्था को सरकार के कुप्रबंधन का दुखदायी पहलू ठहराया है। कांग्रेस कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना का संयुक्त बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया।



प्रमोद तिवारी।

# भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से राष्ट्र कर रहा है प्रगति: मोती सिंह



पत्रकारवार्ता में बोलते पूर्व मंत्री मोती सिंह।

## पूर्व मंत्री ने पट्टी क्षेत्र में भ्रमण कर की लोगों से मुलाकात

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने पट्टी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया और लोगो से मुलाकात कर उनका हाल चाल लिया उसके बाद वह पट्टी नगर में प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों से रूबरू हुए और अपने विचार रखे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से राष्ट्र प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों का सम्मान करते हैं पहले अनुसूचित जाति के रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो अनुसूचित जनजाति महिला द्रोपति मुर्मू को भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाकर उचित सम्मान दिया है। इस दौरान लोगों की जन समस्याओं को भी उन्होंने सुना। प्रेस वार्ता के दौरान पंचायत सदस्य गिरीश चंद्र जायसवाल, राजू सिंह, विपिन सिंह, प्रमोद सिंह ,पंकज सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल, रामचरित्र वर्मा ,अशोक श्रीवास्तव सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह पट्टी क्षेत्र के शेखपुर अठगंवा गांव में पहुंचे और रविंद्र मिश्रा के भतीजे के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया।

## अपर जिला मजिस्ट्रेट ने छह गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे छह व्यक्तियों को अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होंने थाना लालगंज ग्राम बख्तावर का पुरवा खण्डवा के धनी सरोज सुत कल्लू सरोज व राजू सरोज सुत देवता सरोज, ग्राम खण्डवा के अनुज तिवारी सुत रामचन्द्र तिवारी व हिमांशू तिवारी सुत रमेश चन्द्र तिवारी, थाना मानधाता ग्राम रामनगर के राजकुमार सुत ननकूराम तथा थाना मानिकपुर ग्राम देहगरी जमालपुर के पंचम यादव सुत घेराऊ यादव को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये जिला बदर किया है।

# बेटियों में एनीमिया की कमी से बचाव के लिये सीएमओ ने बांटे टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में बेटियों में एनीमिया की कमी और पेट में कीड़ों से होने वाले रोगों से बचाव के लिए विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में बेटियों को शासन के निर्देश पर एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जीएम शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि बेटियों में खून की कमी से विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं। इससे बचाव के लिए अल्बेंडाजोल टैबलेट का सेवन बहुत ही लाभप्रद है। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मैं बेटियों के बीच उपस्थित हूं। बेटियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए में हर संभव प्रयास करूंगा। उनकी सेहत के लिए आज अल्बेंडाजोल टैबलेट के माध्यम से उनके पेट के कीड़े मारकर पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मोहम्मद अनीस ने किया। कार्यक्रम की आयोजक के रूप में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ प्रतापगढ़ रहीं। इस अवसर पर डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधि जिला विद्यालय प्रतापगढ़, डॉ आर पी गिरी डिप्टी सीएमओ, राज शेखर डीपीएम, डॉ महेश सिंह डिप्टी डीआईओ, धर्मेंद्र कुमार ओझा एआरपी, डॉ आर एस राम एसीएमओ, डॉ सीपी शर्मा एसीएमओ, नाजिम डीसीपीएम, उमर जमील एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## कृमि मुक्त दिवस का सदर विधायक ने किया उद्घाटन




कृमि मुक्त दिवस पर बोलते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

# असहाय छात्रों संग बांटी खुशियां, दिया उपहार

### बच्चा बैंक स्टडी सेंटर पहुंचे प्रतियोगी छात्र, बच्चों को पढ़ाया, जरूरतमंद बच्चों की हर संभव मदद के लिए आगे आ रहे लोग



असहाय बच्चों को उपहार देते प्रतियोगी छात्र।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गरीब और जरूरतमंद छात्रों और बच्चों की मदद करने के लिए प्रतियोगी छात्र आगे आए हैं। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी द्वारा भंगवा गांव में फ्री में संचालित स्टडी सेंटर पर बुधवार को पहुंचे छात्र ने अपने जन्मदिन की खुशियां यहां पढ़ने वाले छात्रों के बीच बांटी। उन्हें उपहार भी भेंट किया। इससे बच्चों की खुशियां दुगुना हो गई।

रेलवे स्टेशन रोड के रहने वाले हर्ष वर्धन लखनऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। बुधवार को जन्मदिन पर घर आए। बर्थ डे मानने की तैयारी चल रही थी। शाम को होटल में पार्टी की तैयारी थी। लेकिन उन्होंने भंगवा गांव में बीबीएफजी अध्ययन केंद्र पर पढ़ने वाले गरीब बच्चों के बीच जन्मदिन मनाने को सोचा।

सेन्टर पर पहुंच कर उन्होंने करीब बीस बच्चों को पानी की बोतलें उपहार स्वरूप भेंट की। बच्चों की क्लास में जाकर उन्हें मेहनत से पढ़ाई करने को कहा। यह भी कहा कि जो छात्र अच्छा करेंगे उन्हें और उपहार मिलेगा। संचालन टीचर शनि सरोज ने किया। इस मौके पर अंश कुमार, अंजु, अंतिमा, लाजू , खुशी, सिमरन प्रजापति, मुस्कान, प्रिंस समेत काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## गांव गिरांव पहुंची छात्रों की संचारी रोग नियंत्रण रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छात्रों की संचारी रोग नियंत्रण साइकिल रैली बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के स्टडी सेंटर भंगवा से निकली। जो गांव गिराव होते हुए कटरा मेदनीगंज गई। वहां से लौटकर स्टडी सेंटर में उसका समापन हुआ। इस दौरान छात्रों ने संचारी रोग के बारे में ग्रामीणों को जागरुक किया और बीमार होने पर निकट के स्वास्थ केंद्र पर जाने की सलाह दी। इन दिनों दूषित खानपान से तमाम तरह की संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। जो एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को भोजन, पानी और संपर्क के जरिए होती है।

इस बारे में मेडिकल कालेज के फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री का कहना है की इससे बचने का तरीका है कि सफाई से रहा जाय। दूषित खानपान से परहेज करना चाहिए। इसी के बारे में ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के छात्रों ने ठानी है। इसके लिए उन्होंने साइकिल रैली निकाली। जो भंगवा, जोगापुर, गोपालापुर, कुसमी, कोहड़ा, भुपियामऊ, एटीएल होते हुए कटरा मेदनी गंज पहुंची। रैली का नेतृत्व टीचर शनि सरोज ने किया। रैली में नीरज पटेल, सत्यम, आर्यन, मंजीत, राहुल, अंश, साहिल, नीतेश, हिमांशु निखिल समेत कई छात्र रैली में शामिल हुए।

# संदर्भ दाता सकारात्मकता भाव से प्रशिक्षण प्राप्त करें: मुहम्मद इब्राहीम

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** निपुण भारत योजना के अंतर्गत जनपद के ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक मुहम्मद इब्राहिम के द्वारा किया गया। भारत सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए निपुण भारत मिशन योजना 2022 से प्रारंभ की गई है।

निपुण भारत मिशन का उद्देश्य 3 से 9 वर्ष के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए बेहतर बुनियादी शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस मिशन के अंतर्गत वर्ष 2026-27 तक का लक्ष्य रखा गया है जिसमें प्री स्कूल 1 प्री स्कूल 2 प्री स्कूल 3 (बाल वाटिका) के बाद ग्रेड 1 ग्रेड 2 ग्रेड 3 की कक्षाएं होंगी इन छात्रों को भाषा और गणित का बेहतर ज्ञान दिया जाएगा। जनपद स्तरीय संदर्भदाताओं द्वारा ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं को तैयार करने हेतु समस्त ए आर पी तथा के आर सी को प्रशिक्षित किया जाएगा जो अपने अपने विकासखंड में शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। इस अवसर पर एस आर जी चंद्र जीत यादव, श्रीमती श्वेता सिंह, आशुतोष निर्मल, अनूप कुमार एवं समस्त डायट प्रवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती गर्विता ओझा प्रवक्ता डायट ने किया।

## निपुण भारत प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



निपुण भारत प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते मुहम्मद इब्राहीम।

# हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट व पीतल के तीन घंटे चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में स्थित एक हनुमान मंदिर में चांदी तथा पीतल का सोने का मुकुट तथा साउंड सिस्टम चोर उठा ले गए, सुबह स्थानीय लोगो ने देखा तो दंग रह गये और पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पट्टी नगर के सिविल लाइन में रजिस्ट्री ऑफिस के ठीक पीछे एक हनुमान मंदिर है। वहां के स्थानीय लोगों ने पूजा पाठ लोगों ने बताया कि बीते 25 सालों से लोग वहां पर मंदिर में पूजना पूजन अर्चन करते हैं।

मंगलवार की रात अज्ञात चोर मंदिर में हनुमान जी के सिर पर लगाया गया चांदी का मुकुट तथा 3 घंटे और साउंड सिस्टम उठा ले गए। सुबह पूजा करने के लिए जब लोग मंदिर में पहुंचे तो घंटा तथा मुकुट गायब देखकर दंग रह गए। थोड़ी देर में स्थानीय लोग जुटे और पट्टी कोतवाली में पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया और आवश्यक कार्रवाई की मांग की पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सामुदायिक शौचालय में ताला बंद होने से परेशानी

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत केरावडीह के सामुदायिक शौचालय में विगत कई दिनों से एक नहीं, दो दो ताले बन्द होने से गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष व लडकियों को खुले में शौच जाने की मजबूर हो रहे हैं। उक्त ग्राम पंचायत की केयर टेकर सीता देबी पत्नी स्व0 फूलचन्द सोनकर (महिला स्वयंम सहायत समूह) ने 15 जुलाई 22 को जिलाधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि मेरा गांव में स्वयं सहायता समूह में चयन किया गया है।

# बीडीसी व ग्राम पंचायत सदस्य के नामांकन पद एक एक नामांकन होने से निर्विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकाकर में बुधवार को एक पद बीडीसी व एक पद ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों के लिए नामांकन किया गया जिसमें बीडीसी के एक पद एवं ग्राम पंचायत सदस्य के 1पद के लिए नामांकन की प्रक्रिय पूरी की गई रेवली की वार्ड संख्या 40 बीडीसी सदस्य जियाई पत्नी बाबूलाल की 5 अप्रेल 2022 को हो गई थी जिससे वह सीट खाली चल रही थी। उसी सीट के लिए उप चुनाव की तैयारी की गई है, जिसमें आज फूलकली पत्नी सुमेर नामांकन किया गया।

वही ग्राम पंचायत रोकैयापुर में सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य वार्ड 3 राधेश्याम पुत्र रामस्वरूप की 1 जनवरी 2022 को मृत्यु हो गई थी के एक-पद रिक्त थे जिसमें आज कालाकांकर ब्लाक में नामांकन हुआ बीडीसी के लिए 1 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें रेवली वार्ड संख्या 40 बीडीसी के लिए फूल कली पत्नी सुमेर ग्राम पंचायत रोकैया पुर वार्ड संख्या 3 से ग्राम पंचायत सदस्य के लिए विनोद कुमार पुत्र राधेश्याम ने नामांकन किए हैं। उक्त जानकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला ने दी है।

## झूम के बरसे बदरा, भीषण गर्मी से मिली राहत

**प्रतापगढ़।** बुधवार को अपरान्ह में सावन की पहली वर्षा होने से लोगों को जहां भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की सूख रही धान की बेहन को बचाने का मौका मिलने से किसानों के चेहरे खिल गये। विगत कुछ दिनों से गर्मी का हाल यह था कि लोग जुखाम, बुखार, गैस्ट्रो से पीड़ित होने लगे थे। इसी में मंगलवार की रात शहर में आधी रात के बाद तक विद्युत आपूर्ति बंद रहने से लोग गर्मी से तड़प उठे थे। बता दें कि 29 जून को शहर व जिले में पानी बरसा था। इस बीच एक दिन रात में हल्की फुहारें आयी थी लेकिन लगभग 22 दिन तक वर्षा रुक जाने तक लोग त्राहि त्राहि करने लगे थे लेकिन 20 जुलाई की शाम गरज के साथ तेज वर्षा होने से जहां मौसम बदल गया, वहीं ठंडी हवाओं का झोंका भी वर्षा के फौव्वारों से लोगों तथा किसानों के चेहरे को खिला दिया। किसानों के लिये तो यह वर्षा धान की फसल के लिये लाभकारी होगा। किसान बेहन सूखने से परेशान थे, जिससे उन्हें कुछ राहत मिली है।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से भगाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के सात साल बाद एक महिला को ससुराली जन दहेज के लिए उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में इस संबंध में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र की पूरे बंसीधर गांव की रहने वाली रीना ने तहरीर देकर बताया कि शादी के सात साल बाद दहेज के लिए उसका पति साथ जेठानी उसे परेशान करते हैं। हमेशा मारते पीटते रहते हैं उसने बताया कि उसके दो छोटे छोटे बच्चे हैं लेकिन उसके साथ जेठानी उसका पति उसे मारते पीटते रहते हैं। अपने दुधमुहे बच्चे के साथ पीड़ित महिला पट्टी कोतवाली पहुंची और इस संबंध में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# नगर पालिका के अभियान में पकड़ी गई 25 किलो प्लास्टिक पन्नी

## चिलबिला व महुली में चलाया गया अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वर्षा के बाद नगर पालिका बुधवार की शाम चिलबिला, महुली में प्लास्टिक पन्नी के विरुद्ध अभियान चलाकर 25 किलो से ज्यादा प्लास्टिक पन्नी बरामद किया है। शाम साढे. पांच बजे तक 18 हजार तक का जुमार्ना नगर पालिका वसूल चुकी थी।

बता दें कि नगर पालिका लगातार प्लास्टिक पन्नी के विरोध में अभियान चला रही है जिससे शहर में तो ज्यादातर दुकानदारों ने प्लास्टिक पन्नी के झोले का विकल्प तैयार कर पतले कपड़े के झोले में सामान देने लगे हैं। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने भी प्लास्टिक की पन्नी के उपयोग न करने की अपील की है और नगर पालिका लगातार इसके विरुद्ध अभियान चला रही है।

नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह के निर्देश पर नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेष बिंद, स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह व आशीष मिश्रा तथा सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह बुधवार की शाम वर्षा होने के बावजूद चिलबिला, महुली की तरफ प्लास्टिक पन्नी के विरुद्ध अभियान चलाने में जुट गये जिसका फायदा भी नगर पालिका को दिखाई पड़ा। चिलबिला व महुली दोनों क्षेत्रों में पन्नी का प्रयोग होता पाकर नगर पालिका ने जुमार्ना ठोंका है। ईओ मुदित सिंह ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया है कि वह शासन के निदेर्शानुसार प्लास्टिक पन्नी का उपयोग न करें। यदि प्लास्टिक पन्नी का प्रयोग करते पाए जाएंगे तो नगर पालिका उन पर जुमार्ना लगाएगी।

# जनसेवा केन्द्र संचालक की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर में सहज जन सेवा केंद्र चलाने वाले आलोक पाण्डेय की हत्या के आरोपी को नवाबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज दिया। बता दें कि 16 जुलाई 2022 की रात्रि में थाना क्षेत्र नवाबगंज के आलापुर रेलवे क्रासिंग के पास,मिश्रपुर परसई रोड परआलोक कुमार पाण्डेय की हत्या कर दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी क्रम में नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने अपने राही के साथ दोनो मुख्य अभियुक्त तबरेज अहमद पुत्र दिलशाद अहमद उर्फ गुड्डू निवासी मोहल्ला खानशाह शरीफ गढ़ी मानिकपुर व भाई जीशान अहमद पुत्र दिलशाद अहमद उर्फ गुड्डू निवासी खानशाह शरीफ गढ़ी मानिकपुर को मुखबिर की सूचना पर मानिकपुर नवाबगंज बार्डर इंग्लिस मीडियम कान्वेंट स्कूल के निकट भागने की फिराक में किसी वाहन का इंतजार कर रहा था जिसे गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी की गई।

## खबर संक्षेप

### डीपीआरओ ने धमावा गाव का किया निरीक्षण खामियां हुई उजागर

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ बाल गोविंद श्रीवास्तव ने मंगलवार को सिराथू ब्लॉक क्षेत्र के रामपुर धमावा व कैमा गांव का निरीक्षण करने पहुचे जहां रामपुर धमावा में इंटरलॉकिंग सामुदायिक शौचालय साफ सफाई आदि की व्यवस्था का जायजा लेते हुए इंटरलॉकिंग के कार्य मे प्रशासनिक मद के लिए निकाले गए पांच लाख रुपये का लेखा जोखा डीपीआरओ ने मांगा तो सचिव व जिम्मेदार लेखा जोखा नही दे पाए जिसपर डीपीआरओ ने मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए कैमा गांव पहुचे जहां सामुदायिक शौचालय का कार्य अधूरा पाया गया साथ ही जांच के बाद डीपीआरओ को पता चला की स्वयं सहायता समूह द्वारा 54 हजार रुपये का भुगतान भी हो गया है कैमा में भी सचिव व प्रधान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही का आदेश दिया। डीपीआरओ के निरीक्षण से जिम्मदरो में हड़कंप का माहौल व्याप्त रहा।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के डीएम ने दिये निर्देश

### डीएम ने सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानां की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

बैठक में किसानों द्वारा बताया गया कि वर्षा न होने के कारण धान की रोपाई/सिंचाई में समस्या आ रही हैं, इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि किशनपुर पम्प नहर के सभी पम्प संचालित हैं तथा निचली गंगा नहर, प्रखण्ड फतेहपुर, सिंचाई खण्ड फतेहपुर में बैराज से 50 से 60 प्रतिशत ही पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को आ रही समस्याओं का निस्तारण कराते हुए सभी नहरों को संचालित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी जे0ई0 क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर आ रही समस्याओं का


किसान सम्मान दिवस में उपस्थित डीएम वा अन्य

निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे किसानां को सिंचाई करने में कोई परेशानी न होने पाये। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि ट्रान्सफार्मर आदि खराब होने पर तत्काल ठीक कराया जाय तथा पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायत पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि गौशालाओं से गोवंशों को छोड़ने की शिकायत न आने पाये। उन्होंने सभी पशु चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी से कहा कि फसल क्षति होने पर किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाये जाने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने किसानों से सहभागिता योजना के तहत गोवंशों को लेने का आग्रह किया। बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ0 नवीन कुमार शर्मा द्वारा किसानों को मौसम प्रतिकूल होने के कारण धान की रोपाई में आ रही समस्याओं का समाधान, जल प्रबन्धन, उर्वरक प्रबन्धन एवं फसलों को रोग से बचाने हेतु उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि जो किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहें हैं वे ज्वार, बाजरा व अरहर आदि की बुआई कर सकतें हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक को रवाना हुए कांवरिये



**कल्यानपुर कौशांबी।** सावन महीने में बैजनाथ धाम स्थित बाबा बैजनाथ के दर्शन पूजन और जलाभिषेक के लिए जिले से प्रतिदिन कांवरियों का दल रवाना हो रहा है बड़े ही धूमधाम से बाबा धाम को रवाना होने वाले बाबा भक्त बाबा का जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक के लिए जा रहे हैं बुधवार की सुबह तहसील सिराथू के कल्यानपुर बाजार,बरमतपुर, चकिया ,खोजवापुर ,शिवपुर से सैकड़ों कांवरियों ने बोल बम के जयकारे के नारे लगाते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए।ऐसा कहा जाता है की बाबा धाम में जो भी याची जाता है भोले नाथ उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते है। हर हर महा देव ,बोल बम ,बोल बम ,जय शिव शंकर ,मैया पार्वती की जय के नारों के साथ कांवरियों का दल रवाना हो गया है।

### तिलक व माला पहनाकर कांवरियों के दल को किया रवाना




**कौशाम्बी।** मूरतगंज कस्बे से तीन सौ लोगो का कांवरियों का जत्था बाबा धाम को रवाना हुआ जिन्हें हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर धूमधाम व हर्षोल्लास से बाबा शिवधाम के लिए रवाना किया विश्व कल्याण के लिए सुख समृद्धि की कामना की जिलाध्यक्ष योगी दुर्गेश चौरसिया मौजूद रहे। हिन्दू युवा वाहिनी जनपद कौशाम्बी की ओर से शैलेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में मूरतगंज बाजार में हिंदु युवा वाहिनी जनपद कौशाम्बी के द्वारा लगभग 300 शिवभक्तों के जत्था को तिलक लगाकर माला पहनाकर, आवश्यक सामग्री ,वितरण करके बड़े ही धूमधाम से बाबाधाम के लिए रवाना किया गया विश्व कल्याण के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गेश चौरासिया जिलाध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी कौशाम्बी ,मोनू त्रिपाठी जिला महामंत्री, मोनू नागर जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक मिश्रा जिला मंत्री,ब्लाक अध्यक्ष सूरज के0,मृत्युन्जय सिंह,ब्लाक संयोजक विजयभान सुरेश जायसवाल एवं सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय पर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**कौशांबी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी ने ब्लाक मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय बबुरा में प्रियांशु और लविश को कृमि मुक्ति की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानुज ने बताया कि जिले में आठ लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। आंगनबाड़ी व शिक्षकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की देखरेख में विद्यालय में कुल पंजीकृत 182 बच्चों में से 150 बच्चों को दवा खिलाई गई विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार सरोज, तपस्या भारती सहायक अध्यापक, सुनीता प्रजापति सहायक अध्यापक, तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया जिसमें ओ.पी राव जिला कार्यक्रम प्रबंधक, संजय कुमार डीसीपीएम, अवधेश कुमार डीआईसी मैनेजर, अर्बन कोऑर्डिनेटर शिब्ली रजा बी.सी.पी.एम घनश्याम पाल तथा क्षेत्र की आशा, आशा संगिनी आदि उपस्थित रहे।

### कहीं आशनाई में तो नहीं हुई युवक की हत्या!

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डूंडी बाग में 5 दिनों पहले शिवम बेहोशी हालत में मिला था इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई युवक के परिजनों ने बालिका अर्चना उनके पिता अशोक कुमार लवलेश कुमार राम प्रकाश के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है परिजनों ने रामपाल को भी मुखबिरी करने का आरोपी बनाया है परिजनों की बातों को माने तो अर्चना से प्रेम प्रसंग के चलते उनके परिजनों ने शिवम की हत्या की है अर्चना के परिजनों ने शिवम को फोन करके बाग में बुलाया था जहां उसका गला घोट दिया गया घटना को 5 दिन बीत चुके हैं पुलिस ने हत्याकांड के खुलासे के लिए कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है जल्द ही युवक की हत्या कांड का खुलासा पुलिस कर सकती है।

### आशुलिपिक पद पर सेवानिवृत्त कर्मी को रखे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित

कौशाम्बी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण कौशाम्बी के संचालन हेतु शासन द्वारा स्वीकृत आशुलिपिक के एक पद पर सेवानिवृत्त कर्मी को संविदा के आधार पर रखे जाने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये हैं। यह जानकारी पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविन्द कुमार उपाध्याय ने देते हुए बताया कि इच्छुक कर्मी अपना आवेदन पत्र उनके कार्यालय में दिनांक 03 अगस्त 2022 को अपरान्ह 01 बजे तक सीधे अथवा पंजीकृत डॉक से प्रेषित कर सकतें हैं। प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर आवेदकों का साक्षात्कार चयन समिति के समक्ष दिनांक 04 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 10 बजे से प्रारम्भ किया जायेंगा।

# अधिवक्ता पर हमले के विरोध में चायल तहसील के अधिवक्ताओं ने किया चक्का जाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मकान निर्माण के समय चायल तहसील के एक अधिवक्ता और उनकी पत्नी से मारपीट किए जाने के मामले की जानकारी जब तहसील अधिवक्ताओं को लगी तो अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और उन्होंने सड़क पर चक्का जाम कर दिया मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर सीओ चायल पहुंचे और न्याय दिलाने का आश्वासन देकर अधिवक्ताओं का धरना समाप्त कराया बताते चलें कि हमलावर कौशांबी में तैनात दरोगा पुत्र हैं अधिवक्ता का मकान प्रयागराज जनपद के चक मुंडेरा में बन रहा था। मकान के विवाद में अधिवक्ता अजीत सिंह और उनकी पत्नी रीता देवी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित ने कौशांबी में तैनात दारोगा उदय


प्रदर्शन करते अधिवक्ता

नारायण के बेटे सुवेश सिंह उर्फ बाबी, उत्कर्ष व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना सोमवार को चक मुंडेरा इलाके में हुई थी। रीता देवी का आरोप है कि सोमवार शाम वह अपने मकान में गेट लगवा रही थी। इसी दौरान सुवेश, उत्कर्ष कई अज्ञात लोगों के साथ आए लाठी, डंडा लेकर आए और लात मारकर गेट गिरा दिया। विरोध पर उससे मारपीट करने लगे। शोर सुनकर अधिवक्ता अजीत आए तो उन पर भी हमला किया गया। धमकाया कि मकान में काम लगवाने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा ये धमकी देते हुए हमलावर भाग गए यह मामला जब चायल तहसील के अधिवक्ताओ को मालूम हुआ तो सभी अधिवक्ता एकत्रित होकर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए चक्का जाम कर दिया वही सीओ श्यामकांत ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर मामले को शांत कराया और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया जिसमे उपस्थित अधिवक्ता सागर सिंह अधिवक्ता देवेंद्र कुमार पांडे अधिवक्ता कपिल सिंह अधिवक्ता एसपी सिंह यादव अधिवक्ता घनश्याम कुमार अधिवक्ता धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## टेन में बन रहे विशाल गौ संरक्षण केंद्र निर्माण की धांधली पर नहीं लगी रोक

### नगर पालिका परिषद मंझनपुर प्रशासन की घटिया निर्माण में साठगांठ या सिस्टम का नाकारापन जांच का विषय

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा टेन गांव में विशाल गौसंरक्षण केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है करोड़ों की लागत से बन रहे गौ संरक्षण केंद्र की देखरेख करने वाले अधिकारी अनजान बने हुए हैं जिससे ठेकेदार बेलगाम है और घटिया सामग्री से निर्माण कर केवल सरकारी खजाने से रकम निकालने तक ठेकेदार का उद्देश्य रह गया है इस निर्माण में घटिया क्वालिटी की पीली ईट से गौ संरक्षण केंद्र के भवन बनाए जा रहे हैं सब कुछ मानक विहीन खुलेआम हो रहा है लेकिन नगर पालिका प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है बीते दिनों मामले को अधिकारियों के संज्ञान में भी पहुंचाया गया लेकिन उसके बाद भी ठेकेदार के घटिया निर्माण पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने रोक नहीं लगाई है इतना ही नहीं पूर्व में घटिया क्वालिटी से बनाए गए निर्माण को धराशाई नहीं किया गया है उसी घटिया निर्माण पर आगे निर्माण कार्य शुरू है आखिर ठेकेदार किसके संरक्षण में घटिया निर्माण चल रहा है चचाओं पड़ जाए तो कथित भाजपाई ठेकेदार के शरणदाता बने हैं अब सवाल उठता है कि योगी सरकार में सिस्टम का नकारा पन है या फिर नगरपालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारियों की ठेकेदार से सांठगांठ है मामला कुछ भी हो लेकिन नगर पालिका परिषद द्वारा घटिया क्वालिटी के कराए जा रहे निर्माण बड़ी जांच का विषय है क्षेत्र के लोगों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गौ संरक्षण केंद्र के घटिया निर्माण पर रोक लगाए जाने और पूर्व में हो चुके घटिया निर्माण को धराशाई कर घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की है।



महिलाओं की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग सदस्य

## सदस्या राज्य महिला आयोग ने की महिला जनसुनवाई

### सदस्या को कुल 11 पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**कौशाम्बी।** सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सुश्री ऊषारानी ने पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की गहन समीक्षा/महिला जनसुनवाई की। महिला जनसुनवाई में कुल 11 पीड़ित महिलाओं ने अपनी समस्याओं से सदस्या को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जाय सदस्या ने विगत जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 चौरसिया, जिला प्रोवेशन अधिकारी राजनाथ राम क्षेत्राधिकारी थानेदार उपनिरीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### झमा झम बरसात से लोगों ने ली राहत की सास

**कौशाम्बी।** जून के दूसरे सप्ताह में बारिश की उम्मीद लगाए किसान बैठे थे लेकिन जुलाई का तीसरा सप्ताह बीत गया पानी नहीं बरस रहा था जिससे किसान व्यापारी आम जनता परेशान थे बरसात ना होने से गर्मी भी विकराल रूप ले चुकी थी जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त था लेकिन जुलाई के तीसरे सप्ताह बीत जाने के बाद मौसम में अचानक परिवर्तन दिखाई पड़ा है और बुधवार को दोपहर बाद तेज बारिश हुई है मौसम ने करवट ले लिया है लोगों को उम्मीद है कि देर से ही सही लेकिन अब बरसात होगी जिससे फसलों की किसी तरह से बुवाई हो जाएगी और परिवार को 2 जून की रोटी का जुगाड़ हो जाएगा बुधवार की दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाने से बारिश होने लगी जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई 20 जुलाई को दोपहर बाद अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ जहां तेज गर्जना के साथ लगभग घंटों तेज बारिश हुई जिससे जनपद वासियों को गर्मी से राहत मिली बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल खिलाने लगे है।

## हम सभी को जल संचयन अवश्य करना चाहिए : डीएम


जल संचयन की शपथ लेते किसान

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में भू-जल सप्ताह मनाये जाने हेतु जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सहायक अभियंता लघु सिंचाई शुभम कुमार मिश्र ने बताया कि भू-जल सप्ताह 16 से 22 जुलाई तक मनाया जायेंगा। उन्होंने किसानों को वर्षा जल संचयन के विषय यथा-फसलों की सिंचाई क्यारी बनाकर करने, सिंचाई की नालियों को पक्का करने या कैनवास/पी0वी0सी0 पाइप का प्रयोग करने, बागवानी की सिंचाई हेतु ड्रिप विधि व फसलां हेतु स्प्रिंकलर विधि अपनाने, पेड़-पौधों एंव फसलों की सिंचाई आदि में आवश्यकतानुसार ही पानी का प्रयोग करने, बगीचे में पानी सुबह ही देने, ताकि वाष्पीकरण से होने वाला नुकसान कम किया जा सकें। जल की कमी वाले क्षेत्र में ऐसी फसलें बोयें, जिसमें कम पानी की आवश्यकता हो, अत्याधिक भू-जल गिरावट वाले क्षेत्र में फसल चक्र में परिवर्तन कर अधिक जल खपत वाली फसलें न उगाने एवं खेतों की मेड़ों को मजबूत व ऊँचा करके खेत का पानी खेत में रिचार्ज होने दें आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सब लोग जल की महत्ता को भली-भॉति समझते हैं। हम सभी को जल-संचयन अवश्य करना चाहिए तथा हम सब लोगों को पानी की बबार्दी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भू-जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपने घर की छतों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह करने के साथ ही किसानों से कहा कि नवीन तकनीकों को अपनाकर फसलों की सिंचाई करें, जिससे जल संचयन के साथ ही अधिक पैदावार भी हो सकें। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/ किसानां को जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कला एवं संगीत जीवन का अभिन्न अंग : सीडीओ

### युवा उत्सव के तहत आयोजित कलाकारों का कला प्रदर्शन प्रतियोगिता का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने आजादी का अमृत महोत्सव की श्रखंला के तहत विकास भवन स्थित सरस हाल में युवा उत्सव के तहत आयोजित कला प्रदर्शन प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर आगे बढने का अवसर सुलभ कराना है। उन्होंने कहा कि कला एवं संगीत जीवन का अभिन्न अंग हमेशा से रहीं है, इस अभिन्न अंग को बनाये रखना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु बधाई दी। सामूहिक गान प्रतियोगिता में अनीताराज एण्ड कम्पनी ने प्रथम, श्रुति व आयूषी ने द्वितीय अंकिता व सौम्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एकलगान बालिका वर्ग प्रतियोगिता में आयुषी त्रिपाठी-प्रथम, अंकिता तिवारी व मनीषा-द्वितीय तथा पूनम-तृतीय स्थान पर रहीं। एकल गान बालक वर्ग प्रतियोगिता में प्रकाश कुमार प्रथम, हौंसला कुमार द्वितीय तथा अमरनाथ तृतीय स्थान पर रहें। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रिया-


कला प्रदर्शनी में उपस्थित महिलाएं

प्रथम, अनुश्री-द्वितीय एवं निहारिका-तृतीय स्थान पर रहीं। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में दीपिका व रानी-प्रथम एवं अक्षरा, प्रतिभा व शिवानी द्वितीय स्थान पर रहीं। एकल वादन ढोलक प्रतियोगिता में राज बब्बर-प्रथम एवं करतार सिंह-द्वितीय स्थान पर, एकल वादन हारमोनियम प्रतियोगिता में राममिलन-प्रथम, जयदीप-द्वितीय स्थान पर तथा भाषण प्रतियोगि में कविता पाल-प्रथम स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# आप काशी प्रांत अध्यक्ष का भव्य स्वागत और अभिनंदन

अखंड भारत संदेश

### आम आदमी पार्टी के काशी प्रांत के अध्यक्ष ने कहा कि हमें एक ईमानदार सरकार लाने के लिए ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने का कार्य करना है

**कौशाम्बी।** आम आदमी पार्टी कार्यकताओं द्वारा पार्टी के काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी का माल्यार्पण कर सिराथू में भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी जनपद फतेहपुर के कार्यकताओं की एक बैठक को संबोधित करने जा रहे थे उनका काफिला जनपद कौशांबी के सैनी हाईवे से गुजरने की जानकारी सिराथू के कार्यकताओं को हुई जिस पर कार्यकताओं के आग्रह पर सिराथू विधानसभा प्रभारी विष्णु कुमार जायसवाल द्वारा नगर पंचायत में कार्यकताओं को मार्गदर्शन देने का काशी प्रांत अध्यक्ष से आग्रह किया इस अवसर पर उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के टिप्स देते हुए कहा कि हमें एक ईमानदार सरकार लाने के लिए ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने का कार्य करना है जिससे आगामी नगर निगम ,नगर पंचायत, तथा नगरपालिका के चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे जोर और दमखम से ताकत बना कर प्रत्याशियों को लड़ाएंगे और उन को जिताने का कार्य करेंगे इसके लिए हमें प्रदेश



आम आदमी पार्टी नेता का स्वागत करते पार्टी जन

प्रभारी संजय सिंह के आवाहन पर आम आदमी पार्टी के कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए गुल्लक योजना शुरू करना है जिसमें पार्टी का कार्यकर्ता हर दिन पार्टी के लिए 10 रुपए प्रतिदिन बचत करके गुल्लक में डालने का काम करे। पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन कराने के लिए गुल्लक योजना का इस्तेमाल किया जाएगा साथ ही साथ एकत्रित धन की लिस्ट ऊपर पार्टी कार्यालय को भेजी जाएगी इस अवसर पर सभी वार्ड प्रभारियों और कार्यकताओं द्वारा पद और परिचय देते हुए कहा एक ईमानदार पार्टी आम आदमी के हित में काम करने वाली पार्टी से जुड़ने पर हमें गर्व है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी विष्णु कुमार जयसवाल ने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी में सबसे प्रथम स्थान कार्यकर्ता का ही होता है तथा कार्यकताओं के निर्माण के लिए कार्यक्रम का आयोजन आवश्यक है और कार्यक्रम बिना कोष के संभव नहीं है और कोष के लिए आज से ही हम सभी कार्यकर्ता काशी प्रांत के अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर उनके समक्ष ही गुल्लक योजना का शुभारंभ करते हैं। कई कार्यकताओं ने गुल्लक योजना में 10 रुपए गुल्लक में डाल कर शुभारंभ किया इस अवसर पर सह जिला संगठन निर्माण प्रभारी मोहम्मद सैफ रहमान ने भी संगठन को मजबूत करने पर प्रकाश डाला काशी प्रांत के अध्यक्ष का स्वागत करने वाले कार्यकर्ताओ में सुनील कुमार मौर्या (जिला महासचिव), आशिक अली (जिला उपाध्यक्ष), जीतू चौरसिया जी (नगर अध्यक्ष सिराथू) शमशाद अहमद (उपाध्यक्ष नगर), अजय कुमार सरोज वार्ड प्रभारी, रवि यादव वार्ड प्रभारी, शेखर श्रीवास्तव वार्ड अध्यक्ष, पंकज मौर्य,एस पी सिंह सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संपादकीय

# नशा नाश की जड़ है

**नशे में तड़पती युवा जिंदगानी,**
**हर चौथे युवा की यही कहानी।**

वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए।

भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6% देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42%, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7%,भारत खुद 6% तथा रूस में इसका 5% उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6% है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है
एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25% महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60% से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है।

# आखिरकार कब होगी हरनंदी (हिंडन) नदी प्रदूषण मुक्त

**दीपक कुमार त्यागी/हस्तक्षेप**

देश में प्रदूषण की मार झेल रही विभिन्न नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों के स्तर पर विभिन्न प्रकार के छोटे-बड़े प्रोजेक्टों के माध्यम से प्रदूषण मुक्त करने का कार्य चल रहा है। हालांकि यह बात अलग है कि कहीं यह कार्य अभी तक भी केवल फाइलों में ही चल रहा है और कहीं धरातल पर कछुए की धीमी रफ्तार के साथ कार्य चल रहा है। धरातल पर आलम यह है कि देश की राजधानी दिल्ली से चंद किलोमीटर दूर होकर गुजरने वाली पोराणिक व ऐतिहासिक महत्व वाली हरनंदी (हिंडन) नदी मृतप्राय होने के कगार पर है और हमारा सिस्टम तमाशबीन बनकर बैठा हुआ तमाशा देख रहा है। सिस्टम व आम जनमानस की उपेक्षा का शिकार होने के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से होकर गुजरने वाली हरनंदी (हिंडन) नदी भी आज उन नदियों में शुमार है जो लापरवाही के चलते आज एक गंदे नाले में तब्दील होकर रह गयी है। वैसे देखा जाये तो मुख्य रूप से हरनंदी (हिंडन) नदी वर्षा पर निर्भर रहने वाली एक बड़ी बरसाती नदी है, जो कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में शाकुंभरी देवी रेंज के ऊपरी हिस्से शिवालिक रेंज से निकलती है। हरनंदी (हिंडन) नदी की काली नदी व कृष्णा प्रमुख सहायक नदी है, जो स्वयं आज इतना अधिक प्रदूषित है कि बहुत सारे लोग तो इनको नदी की जगह गंदा नाला ही मानते हैं। हरनंदी (हिंडन) नदी से जुड़े कुछ आंकड़ों की बात करें तो इस नदी का अनुमानित जलग्रहण क्षेत्र 7,083 वर्ग किलोमीटर (2,735 वर्ग मील) है और यह यमुना नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है, जो कि उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जनपद में पहुंचकर यमुना नदी में मिल जाती है।

*"आज गंगा -यमुना के दोआब के बीच बहने वाली हरनंदी (हिंडन) नदी की हालत यह हो गयी है कि उसमें जलीय जीव लगभग खत्म हो चुकें हैं, हमारे सिस्टम की जबरदस्त लापरवाही के चलते अब यह नदी शहरों का गंदा पानी व औद्योगिक कचरों के भार को ढोती हुए एक बड़े गंदे नाले के रूप नजर आती है, अब तो प्रदूषण के चलते नदी के जल का आलम यह हो गया है कि नदी का जल तेजी से भूजल को भी प्रदूषित करने का कार्य कर रहा है।"*



> सिस्टम के द्वारा हरनंदी (हिंडन) नदी के लिए चलाए गए स्वच्छता अभियानों की हालात देखकर यह स्पष्ट है कि देश में नदियों की सफाई के नाम होना वाले कार्य मीडिया की सुर्खियों में बनने वाले एक क्षणिक इवेंट से ज्यादा कुछ नहीं है। इन अभियानों में नदी की स्वच्छता के लिए मौके पर सिस्टम के द्वारा बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती है, लेकिन ना जाने क्यों वह घोषणाएं बीतते हुए समय के ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। यही हाल हरनंदी (हिंडन) नदी के लिए समय-समय पर चले स्वच्छता अभियानों की है।

वैसे देखा जाये तो पिछले कई वर्षों से हरनंदी (हिंडन) नदी देश की मीडिया की निरंतर सुर्खियों में बनी हुई है, क्योंकि कभी इसको निर्मल बनाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार पहल करती है, कभी इसकी स्वच्छता के लिए एनजीटी पहल करती है, कभी इसकी स्वच्छता के लिए विभिन्न जनपदों का जिला प्रशासन पहल करता है और कभी देश की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं इसकी स्वच्छता के लिए पहल करती है, जिसके चलते हरनंदी (हिंडन) नदी अक्सर मीडिया की चचाओं में रहती है।

*"लेकिन हरनंदी (हिंडन) नदी के मौके पर जाकर हालात देखें तो धरातल पर स्थिति 'ढ़ाक के तीन पात' से ज्यादा कुछ नहीं है, नदी के स्वच्छता अभियान के नाम पर 'थोथा चना बाजे घना' की नीति पर काम चल रहा है, किसी भी स्वच्छता के अभियान को लंबा चलाकर धरातल पर कार्य नहीं किया जा रहा है। नदी की सफाई के लिए सिस्टम के द्वारा चलाए गए अभी तक के अभियान केवल क्षणिक इवेंट बनकर सीमित रह गये हैं।"*

सिस्टम के द्वारा हरनंदी (हिंडन) नदी के लिए चलाए गए स्वच्छता अभियानों की हालात देखकर यह स्पष्ट है कि देश में नदियों की सफाई के नाम होना वाले कार्य मीडिया की सुर्खियों में बनने वाले एक क्षणिक इवेंट से ज्यादा कुछ नहीं है। इन अभियानों में नदी की स्वच्छता के लिए मौके पर सिस्टम के द्वारा बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती है, लेकिन ना जाने क्यों वह घोषणाएं बीतते हुए समय के ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। यही हाल हरनंदी (हिंडन) नदी के लिए समय-समय पर चले स्वच्छता अभियानों की है। कभी तो उत्तर प्रदेश सरकार हरनंदी (हिंडन) नदी को स्वच्छ करने की बात करती है, लेकिन वह उसमें डलने वाले गंदे पानी के नालों तक को भी वह बंद नहीं करवा पाती है, कभी वह हम लोगों को सपना दिखाया जाता है कि हरनंदी (हिंडन) नदी को साफ करके उसके दोनों किनारे की तरफ भूमि को कब्जा मुक्त करवाकर उस पर वृक्षारोपण करके भविष्य में भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त रखने व जल प्रवाह को गति प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने सपना दिखाया था कि हरनंदी (हिंडन) नदी के दोनों किनारों पर सौंदर्यीकरण करके लभभग 37 किलोमीटर लंबा एक बहुत ही शानदार रिवर फ्रंट बनाया जायेगा। लेकिन अफसोस की बात यह है कि धरातल इनमें से कोई भी कार्य होता दिखता नजर नहीं आता है। उसके उल्ट उत्तर प्रदेश सरकार का तंत्र तो हरनंदी (हिंडन) नदी के संदर्भ में एनजीटी के द्वारा दिये गये आदेशों तक का सही ढंग से पालन ना होने के चलते आयेदिन एनजीटी से फटकार तक खाता रहता है।

लेकिन आज हम लोगों के सामने विचारणीय तथ्य यह है कि जिस तरह से देश दुनिया में आबादी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है, वहीं जीवन के लिए बेहद जरूरी स्वच्छ जल के स्रोत बहुत तेजी के साथ दिन प्रतिदिन घटते जा रहे हैं, आखिर हम समय रहते इस हालात पर नियंत्रण करने के लिए कार्य क्यों नहीं कर रहे हैं। जबकि देश व दुनिया का एक छोटा सा समझदार बच्चा भी यह अच्छी तरह से जानता है कि 'जल ही जीवन है' फिर भी हमारे देश का सिस्टम धरातल पर नदियों को स्वच्छ बनाने के कार्य की गति को ना जाने क्यों गति नहीं दे पा रहा है, देश में नदी स्वच्छता अभियान की गति ना जाने क्यों बेहद धीमी है। सरकार, सिस्टम व हम लोगों को समय रहते यह समझना होगा कि जिस तेजी के साथ देश में भूजल का स्तर गिर रहा है और इस्तेमाल योग्य स्वच्छ जल के स्रोत घट रहे हैं, भविष्य में हम लोगों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध करवाना किसी भी सरकार के सामने एक बहुत बड़ा चुनौती पूर्ण कार्य होगा, इसलिए समय से समझ जाये कि 'जल है तो ही कल है' भविष्य के लिए जल को स्वच्छ रखें और एक-एक बूंद बचाएं यह सरकार सिस्टम व हम सभी लोगों का दायित्व है।।

**।। जय हिन्द जय भारत।।**
**।। मेरा भारत मेरी शान मेरी पहचान ।।**

# कभी आत्मावलोकन भी कर लिया करें?

**निर्मल रानी**

हमारे दैनिक जीवन की तमाम समस्यायें हमें प्रतिदिन हर समय प्रभावित करती हैं। और दूसरों के सिर अपनी इन परेशानियों का ठीकरा फोड़ने के आदी हम लोग आनन फानन में इन रोजमर्रा दरपेश आने वाली समस्याओं का जिम्मेदार सरकार या प्रशासन को ठहरा देते हैं। हम कभी भी इन समस्याओं की जड़ों में झांकने और आत्मावलोकन करने की कोशिश ही नहीं करते। उदाहरण के तौर पर बाजारों में प्रतिदिन हर समय लगने वाला जाम,पार्किंग की समस्या,जाम पड़े नाले व नालियां,गलियों व सड़कों पर फैली गंदिगी,जगह जगह फैले कूड़े के ढेर,दुर्गन्धपूर्ण वातावरण,रेलवे व बस स्टेशन पर फैली गंदिगी,जगह जगह व्यर्थ बहता पानी,नदी तालाबों के किनारे फैली गंदिगी व दुर्गन्ध,धुआं,वायु तथा ध्वनि प्रदूषण जैसी अनेकानेक ऐसी समस्यायें हैं जिनका सामना हमें चाहे अनचाहे रूप से लगभग प्रतिदिन जरूर करना पड़ता है। और हम सरकार,जिला प्रशासन अथवा स्थानीय निकाय प्रशासन को इनमें से अधिकांश समस्याओं का जिम्मेदार बताकर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होने का प्रयास करते हैं।

शहरों व कस्बों के पुराने,मुख्य व तंग बाजारों में जाम की हक़ीकत तो चौंकाने वाली है। आपको यहां अनेक दुकानदार ऐसे मिलेंगे जिन्होंने अपनी दुकान में ग्राहक के प्रवेश करने भर का रास्ता छोड़कर दुकान के सामने लगता बाहर का फुटपाथ वाला सार्वजनिक हिस्सा रेहड़ी पटरी वालों को किराये पर चढ़ाया होता है। यह वह जगह होती है जहां या तो दुकानदार या उसके ग्राहक अपना वाहन खड़ा कर सकते हैं। या फिर सड़क की यह जगह ट्रैफिक के सुगम संचालन के काम आती है। परन्तु तमाम दुकानदारों ने अपनी अतिरिक्त और नाजायज आय के लिये इसे भी अपने व्यवसाय का हिस्सा बना रखा है। चूँकि इसतरह की बाजारों में अनेक दुकानदार इस 'अवैध व्यवसाय' के भागीदार होते हैं इसलिये कोई एक दूसरे को मना नहीं करता। अतिक्रमण विरोधी दस्ता आते ही यह रेहड़ी पटरी वाली दुकानें कुछ समय के लिये 'चलायमान ' हो जाती हैं। और कुछ ही क्षण के बाद इसी नगर पालिका /महापालिका /निगम की विशेष 'मासिक ' या 'हफ़्तावारी' अनुकंपा की वजह से पुनः शुरू हो जाती हैं। जाहिर है इसका परिणाम हमें ट्रैफिक जाम की शक्ल में दशकों से देखने को मिलता आ रहा है। इसी तरह की बाजारों में ग्राहक अपनी स्कूटर या कार अथवा ट्रांसपोर्ट की छोटी गाड़ियां मनमाने तरीके से अपनी सुविधानुसार गलत ढंग से पार्क कर देते हैं।



इसलिये भी जाम की स्थिति पैदा होती है। जहां लिखा हो 'नो पार्किंग ' वहीं लोग पार्किंग कर देते हैं। उसी तरह जैसे सड़क पर खड़ा होकर पेशाब करने वाला व्यक्ति उसी जगह खड़ा मिलेगा जहां लिखा होगा कि 'यहाँ पेशाब करना मना है '।

इसी तरह हम नाली नालों के जाम हो जाने के लिये, सड़कों पर इधर उधर फैले कूड़े कबाड़ के लिये, दुर्गन्धपूर्ण वातावरण के लिये केवल सरकार या प्रशासन पर दोष मढ़ते हैं। कभी इन नाले नालियों में झांककर भी देखना चाहिये कि क्या यह मरे हुए कुत्ते बिल्ली फेंकने की जगह है ? कौन फेंकता है नालों नालियों में कांच व प्लास्टिक की बोतलें,रजाई,गद्दे,कंबल,प्लास्टिक व पॉलीथिन की थैलियां,ईंट पत्थर,डिस्पोजेबल गिलास-कप-प्लेट्स,जूते चप्पल आदि ? कौन बहाता है इनमें पालतू गाय भैसों के गोबर ? शायद सरकार या जिला प्रशासन अथवा किसी नगर पालिका /महापालिका /निगम के कर्मचारी तो हरगिज नहीं? ईमानदारी से आत्मावलोकन कीजिये जवाब स्वयं मिल जायेगा। पिछले दिनों शिमला के रिज मैदान के ऊपर फौवारे पर बैठकर रिज मैदान का दृश्य देखने के लिये सीढ़ियों पर चढ़ते ही देखा कि एक कोने में किसी ने पान खाकर थूका था। वहीँ किसी ड्रिंक की बोतल भी पड़ी थी। यह पर्यटन के अंतर्राष्ट्रीय महत्व का स्थान है। यहां आपको जगह जगह डस्टबीन रखी मिलेगी। परन्तु हमारे ही समाज के लोग गंदिगी फैलाकर यहाँ भी अपने 'संस्कारों ' का परिचय देना नहीं भूले ? यह हरकत शिमला या हिमाचल प्रशासन की तो नहीं,परन्तु आत्मावलोकन किये बिना यह जरूर कहा जायेगा कि ' रिज पर भी थूक पड़ा है,' शिमला में सफाई नहीं रहती , आदि आदि ? इसी मानसिकता के 'तत्वों' द्वारा रेलवे स्टेशन,ट्रेन के डिब्बों में,ट्रेन व स्टेशन टॉयलेट में बस स्टैंड पर,पर्यटन स्थलों पर जगह जगह बेखौफ होकर गंदिगी फैलाई जाती है। और हम अपने समाज के इन 'नौनिहालों ' को दोष देने के बजाय सीधे सरकार व प्रशासन को ही कटघरे में खड़ा कर देते हैं।

वायु प्रदूषण का दुष्प्रभाव हमारे आपके स्वास्थ्य से लेकर ग्लोबल वार्मिंग तक पर सीधा पड़ता है। परन्तु अनेकानेक लोग शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं या जान बूझकर घने शहरी इलाकों में कभी रबड़ जलाने लगते हैं तो कभी थर्मोकोल,प्लास्टिक आदि बे रोकटोक जलाकर जहरीला धुंआ फैलाते हैं। कबाड़ के काम से जुड़े कुछ लोग तो तांबे लोहे की तार निकालने के लिये प्रतिदिन रबड़ के तार जलाते ही रहते हैं। अनेक गाय भैसों की डेयरियों में मच्छर भगाने के नाम पर रोजाना धुंआ किया जाता है। इससे मच्छर भागे या न भागे परन्तु आसपास के लोगों का दम जरूर घुटने लगता है। सरकार तो हरगिज यह नहीं कहती कि वातावरण में जहरीला धुआं फैलाकर कर मच्छर भगाइये ? हमारे समाज में ही इस तरह की अनेक 'व्याधियां ' हैं जो हमारे लिये ट्रैफिक जाम,जलभराव,गंदिगी,बीमारी,प्रदूषण यहाँ तक कि बदनामी का भी कारण बनती हैं। निश्चित रूप से इनमें कई विषय ऐसे भी हैं जिनका संबंध सरकारी भ्रष्टाचार,लापरवाही,अनदेखी और लेट लतीफी से भी है।

# जलवायु परिवर्तन का तांडव!

साथियों आज वैश्विक स्तरपर मानव जीव द्वारा बढ़ते हुए प्राकृतिक प्रकृति का दोहन आज भी विशाल स्तरपर कर संपूर्ण मानव जाति को खतरे में डालने के पीछे नहीं हट रहे हैं, जिसके कारण सर्दी में भी गर्मी, गर्मी में बरसात, बरसात में भयंकर आग उगलती गर्मी के परिणाम मानव जाति भुगत रही है! आज कई यूरोपियन देशों,मध्य अमेरिकी देशों में आग उगलती गर्मी का प्रकोप, भूस्खलन का दौरलगातार शुरू है और 2 दिन पूर्व ही नासा ने आग उगलती धरती की सेटेलाइट इमेज जारी की है जिससे दुनिया डरी हुई है? इसलिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से हम पेरिस समझौते और जलवायु परिवर्तन के बारे में चर्चा करेंगे। साथयों बात अगर हम पिछले कुछ दिनों से सबसे ठंडे रहने वाले यूरोप में भयंकर गर्मी के तांडव की करें तो, ब्रिटेन, फ्रांस समेत यूरोप के कई देशों में इन दिनों हीट वेव का कहर जारी है, आलम यह है कि यूरोप के कई देशों में प्रचंड गर्मी का माहौल बना हुआ है. जिसे देखते हुए नासा ने धरती की सेटेलाइट तस्वीर जारी की है, जिसमें दुनिया लाल दिखी है, जिससे देखने के बाद दुनिया के देशों में हडकंप मच गया है। वहीं इस बीच फ्रांस ने गर्मी का 100 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है, इस वजह से जंगलों में आग लग गई है। भयंकर गर्मी की चपेट में आने से यूरोप और उत्तरीअफ्रीका के कई देशों में तापमान इतना बढ़ गया है कि पुर्तगाल के जंगलों में भीषण आग लग गई। जिससे पुर्तगाल, स्पेन,फ्रांस और मोरक्को में हजारों लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा। फायर ब्रीगेड की टीम आग से निपटने में लगी हुई हैं। मीडिया के अनुसार पिछले हफ्ते पुर्तगाल के एक जंगल में आग लगने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कम से कम 135 लोग घायल हुए थे।

देश के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के अनुसार,रविवार सेआकस्मिक स्थिति लागू हो गई है और लगभग 800 लोगों को उनके घरों से निकाल लिया गया है। दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में शुक्रवार को जंगल की आग के बेकाबू होने के कारण सैकड़ों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। पिछले मंगलवार से हवाई जहाज से पानी डालकर जंगल की आग बुझाई जा रही है। 1,000 से अधिक फायर फाइटर्स चिलचिलाती गर्मी, टिंडर-बॉक्स की स्थिति और तेज हवाओं के कारण दो धमाकों से जूझ रहे हैं।

यहां पर कई दिनों से आग लगी हुई है। जिससे 4200 हेकटेयर जंगल जलकर राख हो गए। लगभग एक हजार रहवासियों को वहां से निकाला गया। स्पेन के कई हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है, गुरुवार को पहली बार उत्तर-पश्चिमी शहर ओरेन्से में पारा 44.1 डिग्री पहुंचा। एक्स्ट्रीमादुरा के कुछ हिस्सों में तापमान 45 डिग्री पहुंच चुका है। यहां फायरफाइटर्स जंगल की आग से अभी भी जूझ रहे हैं। यहां लगी आग की वजह से जंगल के 4 हजार हेक्टेयर क्षेत्र जल कर राख हो चुके हैं। चीन भी भीषण गर्मी की चपेट में भीषण गर्मी ने चीन के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे 900 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को ऐसी स्थितियों के खतरे के बारे में चेतावनी दी है। देश के सबसे अधिक आबादी वाले शहर शंघाई ने इस गर्मी में तीसरी बार अपना हाई अलर्ट जारी किया है। इस बार गर्मी के उच्च तापमान ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिया। गुरुवार दोपहर को तापमान 40.6 डिग्री तक बढ़ गया। हालांकि, शुक्रवार को हुई बारिश ने शंघाई के निवासियों के लिए राहत की सांस ली। साथियों बात अगर हम जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते की करें तो यह जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी मुद्दों पर, देशों के लिये, कानूनी रूप से बाध्यकारी एक अन्तरराष्ट्रीय सन्धि है। ये समझौता वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक जलवायु सम्मेलन (कॉप-21) के दौरान, 196 पक्षों की ओर 12 दिसम्बर को पारित किया गया था। 4 नवम्बर 2016 को यह समझौता लागू हो गया था। पेरिस समझौते का लक्ष्य औद्योगिक काल के पूर्व के स्तरकी तुलना में वैश्विक तापमान में बढ़ोत्तरी को 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखना है, और 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिये विशेष प्रयास किये जाने हैं। तापमान सम्बन्धी इस दीर्घकालीन लक्ष्य को पाने के लिये देशों का लक्ष्य, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के उच्चतम स्तर पर जल्द से जल्द पहुँचना है ताकि उसके बाद, वैश्विक स्तर उसमें कमी लाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके.इसके ज़रिये 21वीं सदी के मध्य तक कार्बन तटस्थता (नैट कार्बन उत्सर्जन शून्य) हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है. जलवायु कार्रवाई के लिये बहुपक्षीय प्रक्रिया में पेरिस समझौता एक अहम पड़ाव है,पहली बार कानूनी रूप से बाध्यकारी एक समझौते के तहत सभी देशों को, साझा उद्देश्य की पूर्ति हेतु साथ लाया गया है ताकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटा जा सके और अनुकूलन के प्रयास सुनिश्चित किये जा सकें।

# हैदराबादी जीएसटी दम बिरयानी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

चलिए आज हम आपको हैदराबादी जीएसटी दम बिरयानी बनाना सिखाते हैं। सबसे पहले 12 प्रतिशत जीएसटी की लागत से खरीदा गया स्टील का भगोना लीजिए। उसमें 5 प्रतिशत जीएसटी वाला एक किलो पैकेज्ड चिकेन डालिए। फिर 5 प्रतिशत जीएसटी वाला दही, लाल मिर्च, निंबू, जीएसटी वाला अदरक, जीएसटी वाला गरम मसाला, जीएसटी वाला घी और फिलहाल जीएसटी की मोहमाया से मुक्त प्याज के टुकड़ों वाला फ्राई उसमें मिला दीजिए। अब उसे अच्छे से फेंटिए। इसे तब तक फेंटिए जब तक कि सारी जीएसटी एक-दूसरे पर अपना असर दिखाना शुरू न कर दे। इसके बाद इसे आधे घंटे के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदे गए रेफ्रिजिरेटर में रख दीजिए।

अब आप 12 प्रतिशत वाला एक अल्युमीनियम पात्र लीजिए। इस पात्र को 18 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदे गए गैस चूल्हे पर चढ़ा दीजिए। लगभग साढ़े ग्यारह सौ पचास रुपए देकर खरीदे गए सिलेंडर को चालू कर 18 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदे गए लाइटर या फिर 12 प्रतिशत जीएसटी वाली माचिस की तिलिया से सुलगाइए। अब जीएसटी वाले अल्युमीनियम पात्र में पैसा देकर खरीदा गया बबल वाटर डालिए। पानी के उबलने पर 5 प्रतिशत वाला मिक्स्ड मसाला डालना न भूलें। इसके बाद अभी के लिए जीएसटी मुक्त नमक डालिए। अब बारी आती है 5 प्रतिशत जीएसटी वाले बिरयानी चावल की। इसे भी उस पात्र में डाल दीजिए। लगभग तीन चाथाई पक जाने पर इसे उतार दीजिए।

इस तरह पके बिरयानी चावल के आधे हिस्से को 12 प्रतिशत जीएसटी वाली स्टील की हांडी की सतह पर 12 प्रतिशत जीएसटी वाला मक्खन लगाकर डाल दीजिए। इसके बाद जीएसटी चिकेन डालिए। अब बचा हुआ बिरयानी चावल डाल दीजिए। हांडी के चारों ओर 5 प्रतिशत जीएसटी वाला मैदा लेप दीजिए। उस पर ढक्कन चिपका दीजिए।

## पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में सुधार की जरूरत : यानेके शॉपमैन

**नॉटिंघम।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन का कहन है कि अगर टीम को विश्व कप के लचर प्रदर्शन को राष्ट्रमंडल खेलों में नहीं दोहराना है तो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के अपने कौशल में बेहद सुधार करना होगा। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक किया जाएगा और विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने के बाद भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। भारतीय टीम ने एक साल पहले टोक्यो ओलिम्पिक में एतिहासिक चौथा स्थाना हासिल किया था। नीदरलैंड की इस कोच ने टीम के यहां पहुंचने पर कहा कि नतीजे के लिहाज से विश्व कप में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था। हमने काफी पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जो अच्छा था लेकिन इसे गोल में बदलने की प्रकिया सही नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके कई कारण हैं।



हम जिस तरह के मैदान पर ट्रेनिंग करते हैं यह उससे अलग था। मुझे लगता है कि हम अच्छी तरह सामंजस्य नहीं बैठा पाए। आपको पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के तरीके में परफेक्ट होना होगा जिस पर अगले कुछ हफ्तों में हमारा ध्यान रहेगा।

## पालेर्मो लेडीज ओपन : झैंग शुआई और सोरिबेस दूसरे दौर में

**पालेमो ।** चीन की तीसरी वरीय झैंग शुआई ने दूसरे सेट में विषम परिस्थितियों से उबरते हुए सोमवार को यहां पालेर्मो लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दूसरे सेट की शुरुआत में झैंग ने दो बार सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद वापसी करते हुए स्पेन की रेबेका मसारोवा को 7-6 (3), 7-6 (7) से हराने में सफल रहीं। झैंग दूसरे दौर में जैस्मिन पाओलिनी से भिड़ेंगी। इटली की खिलाड़ी ने पहले दौर में अन्ना कैरोलिन स्मीडलोवा को 6-3, 6-1 से हराया। चौथी वरीय सारा सोरिबेस टोर्मो भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही। स्पेन की खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए अना बोगडेन को 2-6, 6-4, 6-2 से हराया। सोरिबेस अगले दौर में लियोलिया जीनजीन से भिड़ेंगी जिन्होंने येलेना इन अल्बोन को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। छठ वरीय रोमानिया की इरीन कैमेलिया बेगु ने मारिया बासोल्स रिबेरा को 6-3, 4-6, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाया।



## राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारत को झटका, स्प्रिंटर धनलक्ष्मी डोप में फंसीं, बर्मिंघम नहीं जा पाएंगी

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलेटिक टीम के चार गुणा 100 मीटर रिले में पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। पिछले वर्ष दुती चंद और बीते माह हिमा दास को 100 और 200 मीटर में हराकर सुर्खियां बटोरने वाली तमिलनाडु की स्प्रिंटर एस धनलक्ष्मी डोप में फंस गई हैं। वह वर्ल्ड एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) की ओर से कराई गई टेस्टिंग में पकड़ी गई हैं। एआईयू ने धनलक्ष्मी का देश से बाहर आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल लिया था। उनके सैंपल में एनाबॉलिक स्टेरायड पाया गया है। उन्हें अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत की 4*100 मीटर रिले टीम (बाएं से- हिमा दास, दुती चंद, धनलक्ष्मी और श्रबनी नंदा) उन्हें युगेन (अमेरिका) में चल रही विश्व चैंपियनशिप में खेलने से रोक दिया गया। टोक्यो ओलंपिक की चार गुणा चार सौ मीटर रिले टीम में शामिल धनलक्ष्मी को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 100 मीटर और चार गुणा चार सौ मीटर रिले की टीम में हिमा दास, दुती चंद के साथ शामिल किया गया था।

विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम युगेन रवाना हो गई, लेकिन धनलक्ष्मी नहीं गईं। बताया गया कि उनका वीजा नहीं लगा है, लेकिन आयोजकों ने चैंपियनशिप से उनकी एंट्री ही हटा दी। वहीं इस चैंपियनशिप में 100 मीटर मीटर में केन्याई एथलीट को रेस शुरू होने से दो घंटे पहले एंट्री दी गई। वह भी वीजा नहीं लगने के चलते युगेन नहीं पहुंच पाए थे, लेकिन उनकी एंट्री नहीं हटाई गई। धनलक्ष्मी को डोप में फंसने के चलते रोका गया था।

# पुजारा की धमाकेदार बल्लेबाजी, ससेक्स के लिए कप्तानी में डब्यू करते हुए ठोका शतक

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लॉर्ड्स में ससेक्स के लिए काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन टू गेम के पहले दिन मिडिलसेक्स के खिलाफ नाबाद शतक बनाया। टॉम हेन्स की अनुपस्थिति में टीम के कप्तान के रूप में यह उनका पहला मैच भी था। हेन्स चोटिल होने की वजह से बाहर हो गए थे।

दोनों सलामी बल्लेबाजों के 99/2 के स्कोर पर विकेट गंवाए के बाद भारतीय बल्लेबाज ने पारी को संभाला। आमतौर पर रक्षात्मक और धीरे-धीरे पारी का निर्माण करने की प्रतिष्ठा रखने वाले पुजारा ने मजबूती से पलटवार करने वाली पारी खेली, जिसमें दस चौके और एक छक्का शामिल थे। सुबह के पहले घंटे में जैसा कि सामान्य रूप से लॉर्ड्स ट्रैक पर होता है, तेज गेंदबाजों को



कुछ शुरुआती सहायता मिली। सलामी बल्लेबाज अली ओर को घरेलू कप्तान ने 25 गेंदों में 7 रन पर और टॉम क्लार्क को 84 गेंदों में 33 रन पर टॉम हेल्म ने आउट किया। यह बाएं हाथ के बल्लेबाज टॉम अलसॉप थे जो तीसरे नंबर पर आए और 277 गेंदों पर 135 रन बनाए। अपने स्टैंड-इन कप्तान के साथ ससेक्स की पारी को स्थिर करने के लिए वह 365 मिनट तक क्रीज पर रहे। अलसॉप को 93वें ओवर में हेल्म ने आउट कर तीसरे विकेट के लिए 219 रन की साझेदारी का अंत किया। दूसरी ओर पुजारा ने तेज गेंदबाजों को दूसरे छोर से आक्रामकता से स्कोरिंग रेट को ऊपर उठाया। उन्होंने 182 गेंदों पर 115 रन बनाकर दिन का अंत किया और अपनी टीम को 300 के पार जाने में मदद की। अलसॉप के आउट होने के बाद आर्ची लेनहम मैदान पर आए लेकिन तीन गेंदों पर डक पर आउट हो गए। पहले दिन के अंत तक ससेक्स ने 96 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 328 रन बनाए। मिडलसेक्स के गेंदबाजों में तेज गेंदबाज हेल्म ने 63 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए।

## एशियन गेम्स की नई तारीखों का एलान, अगले साल 23 सितंबर से होगी शुरुआत

**यूजीन।** चीन के हांगझू में होने वाले एशियन गेम्स की नई तारीखें आ गई हैं। एशियन गेम्स का आयोजन अगले साल 23 सितंबर से आठ अक्तूबर के बीच होगा। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। पहले एथियाई खेलों का आयोजन इसी साल 10 सितंबर से 25 सितंबर के बीच झेजियांग प्रांत की राजधानी हांगझू में आयोजित होना था। यह चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई से करीब 175 किलोमीटर दूर है। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया ने एशियन गेम्स को स्थगित करने के पीछे कोई वजह नहीं बताई थी, लेकिन माना जा रहा है कि चीन में कोरोना के मामले बढ़ने के कारण एशियन गेम्स को स्थगित किया गया। ओसीए ने कहा- पिछले दो महीनों में टास्क फोर्स ने चीनी ओलंपिक समिति, हांगझू एशियाई खेलों की आयोजन समिति और अन्य हितधारकों के साथ इन खेलों की नई तारीखों पर काफी विचार-विमर्श किया। इस दौरान यह भी ध्यान रखा गया कि इन खेलों का किसी और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ तारीखें टकराव न हो। टास्क फोर्स द्वारा चुनी गई तारीखों पर ओसीए के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने भी हामी भर दी है। इसके साथ ही गवर्निंग बॉडी ने चीनी आयोजकों और सरकार को महामारी के दौरान खेलों की तैयारी में कड़ी मेहनत करने और यह खेल अगले साल हो सके, यह सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया। आयोजकों ने बताया था कि चीन के पूर्वी शहर हांगझू, जिसकी आबादी 12 मिलियन (1.2 करोड़) है, वहां 56 खेलों के लिए मैदान तैयार कर लिए गए थे। इन्हीं मैदानों पर एशियन गेम्स और एशियन पैरा गेम्स होना था। हालांकि, अब एक साल बाद चीन को फिर से इन मैदानों को तैयार करना होगा।

## राष्ट्रमंडल खेलों के 12 लाख टिकट बिके, भारत-पाक क्रिकेट मैच पर नजरें

**नई दिल्ली ।** बर्मिंघम में 28 जुलाई से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों के 12 लाख टिकट बिक चुके हैं और आयोजकों का कहना है कि स्थानीय जनता भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीमों के बीच होने वाले मैच में काफी रूचि ले रही है। महिला क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करने जा रहा है और भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 31 जुलाई को होगा। बर्मिंघम में भारत और पाकिस्तान मूल के काफी लोग रहते हैं।

बर्मिंघम खेलों के सीईओ इयान रीड ने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट बिक चुके हैं और भारत-पाकिस्तान मैच में भी स्टेडियम पूरा भरा रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा- मैं खुद क्रिकेट का मुरीद हूं। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में है तो यहां लोगों की उस मैच में काफी दिलचस्पी है। भारतीय पुरूष टीम हाल ही में यहां




खेलकर गई है और अब यह मैच आकर्षण का केंद्र होगा।

उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद है कि भारत और इंग्लैंड उसमें खेलेंगे। भारत और पाकिस्तान मैच के टिकट भी लगभग बिक चुके हैं। लंदन ओलिम्पिक 2012 के बाद इंग्लैंड में सबसे बड़े खेल आयोजन में 72 राष्ट्रमंडल देशों के 5000 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## कोहली को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए, गेम-चेंजर हो सकते हैं : पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सैयद किरमानी ने कहा है कि विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया में आगामी 2022 टी20 विश्व कप के लिए निश्चित रूप से भारत टीम में होना चाहिए। किरमानी ने यह भी कहा कि कोहली टूर्नामेंट में गेम-चेंजर हो सकते हैं। दाएं हाथ का बल्लेबाज हाल ही में अच्छे फॉर्म में नहीं है और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में सिर्फ 12 रन ही बना पाया है। 33 वर्षीय को पहले टी20के लिए आराम दिया गया था लेकिन दूसरे और तीसरे मैच में क्रमशः एक और 11 रन बनाए।

किरमानी ने कहा, विराट कोहली के पास काफी अनुभव है। उन्हें टी20 वर्ल्ड कप टीम में होना चाहिए। एक बार जब कोहली फॉर्म में लौटेंगे तो उन्हें रोका नहीं जा सकेगा। वह गेम-चेंजर हो सकता है। कोहली के अनुभव और क्षमताओं वाला खिलाड़ी विश्व कप टीम में होने



का हकदार है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। देखिए अगर कोई और कोहली की तरह खराब दौर से गुजर रहा होता, तो उसे अब तक टीम से बाहर कर दिया जाता। लेकिन मुझे लगता है कि एक स्थापित खिलाड़ी को संदेह का लाभ दिया जाना चाहिए। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कोहली की प्रदर्श के बारे में बात करें तो उन्होंने 99 मैच खेले हैं और 50 से ऊपर के औसत से 3308 रन बनाए हैं। कोहली 20 ओवर के प्रारूप में 137 की स्ट्राइक रेट से खेलते हैं और 30 अर्द्धशतक भी लगा चुके हैं, जिसमें 94 उनका सर्वोच्च स्कोर है।

## चेसबेस इंडिया ओरिजनल्स डैथ शतरंज - अनीश गिरि और विदित गुजराती में होगी टक्कर

**मुंबई।** विश्व शतरंज में हमेशा से दो ग्रांड मास्टरों के बीच होने वाली किसी भी सीरीज चर्चित और सफल रही है और अब भारत में भी ऐसा ही एक खास मुक़ाबला होने जा रहा है जहां ऑनलाइन ओलंपियाड में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के कप्तान ग्रांड मास्टर विदित गुजराती नीदरलैंड के जाने माने ग्रांड मास्टर अनीश गिरि से रैपिड मुकाबलों की सीरीज चेसबेस इंडिया ओरिजनल डैथ मैच में मुंबई के फेनिक्स मार्केट सिटी में दो दो हाथ करेंगे ।

27 जुलाई को भारत में होने वाला यह अपने तरीके का पहला मुक़ाबला होगा जहां शतरंज के अलग अलग फॉर्मेट में मुक़ाबले खेले जाएँगे ।

प्रतियोगिता तीन मुख्य सेट में होगी । पहले सेट में तीन अलग तरह के मुकाबलों में खिलाड़ियों को के कुल 7




मिनट और प्रति चाल 5 सेकंड मिलेंगे। सबसे पहले मुक़ाबला होगा एक ब्लाईंडफ़ोल्ड मुक़ाबला जहां खिलाड़ियों को बिना मोहरो के सिर्फ अपनी याददाश्त के आधार पर चालों को बोलना होगा , इसे शतरंज का सबसे चुनौतीपूर्ण फॉर्मेट माना जाता है । इसके बाद इसी समय समय के आधार पर एक सामान्य रैपिड मुक़ाबला खेला जाएगा । तीसरे मुक़ाबले में नो केस्लिंग शतरंज का मुक़ाबला जहां खिलाड़ियों को राजा को सुरक्षित करने वाला खास नियम किलेबंदी करने की अनुमति नहीं होगी । चौंथे मुक़ाबले में खिलाड़ियों को 960 शतरंज खेलना होगा जहां मोहरो की शुरुआती स्थिति को ही बदल दिया जाएगा ।

दूसरा सेट ब्लिट्ज़ मुकाबलों का होगा जहां खिलाड़ियों को हर मैच में कुल 4 मिनट और प्रति चाल 2 सेकंड मिलेंगे। इसमें खिलाड़ी 1 घंटे तक लगातार मुक़ाबले खेलेंगे ।तीसरे सेट में शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट बुलेट के मुक़ाबले होंगे जहां 30 मिनट तक खिलाड़ी हर मैच में कुल 1 मिनट और प्रति चाल 2 सेकंड के टाइम कंट्रोल के लगातार मुक़ाबले खेलेंगे ।अगर इसके बाद कुल बराबरी पर रहता है तो फिर अरमागोदेन टाईब्रेक के आधार पर विजेता का निर्णय लिया जाएगा ।

प्रतियोगिता में दर्शको को मोजूदगी के साथ लाइव कोमेंटरी का एक अनोखा प्रयोग भी होगा जिसमें इंटरनेशनल मास्टर सागर शाह ,अमृता मोकल और कोमेडियन समय रैना विश्लेषण करते नजर आएंगे ।

इसके पहले दोनों खिलाड़ी चुनिन्दा भारतीय दर्शको के साथ 25 जुलाई को साइमल मुक़ाबले खेलते नजर आएंगे ।

# 131वें डूरंड कप के ट्रॉफी टूर को कोलकाता से दिखाई गई हरी झंडी

**कोलकाता ।** 131वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत के लिए चार शहरों की ट्रॉफी यात्रा को कोलकाता से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भारतीय सेना की पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम में 'फ्लैगिंग ऑफ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के बिजली मंत्रालय के प्रभारी एवं यूथ सर्विसेज और खेल मंत्रालय के अरूप बिस्वास, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता और पूर्वी कमान मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ एवं डूरंड समिति के अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल के.के. रेप्सवाल मौजूद थे।

टूर्नामेंट के विजेताओं को दी जाने वाली तीन ट्राफियां, डूरंड कप का मूल पुरस्कार, राष्ट्रपति कप और शिमला ट्रॉफी पहले 21 जुलाई को असम के गुवाहाटी




पहुंचेंगी, फिर 24 जुलाई को मणिपुर की राजधानी इंफाल में जाएंगी और वहां से 02 अगस्त 2022 को कोलकाता वापस जाने से पहले 27 जुलाई को राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंचेगी।

कोलकाता में ट्रॉफियां का पुराने जमाने के महान फुटबॉलर गोस्थ पाल की प्रतिमा के सामने स्वागत किया जाएगा। ट्रॉफी टूर के लिए गंतव्यों को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। गुवाहाटी और इंफाल पहली बार मेजबान होंगे, जबकि राजस्थान राज्य से 40 साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एक टीम दोबारा खेलने उतरेगी।

पश्चिम बंगाल सरकार के खेल एवं युवा मामले के मंत्री अरूप बिस्वास ने कहा कि मैं ट्रॉफी टूर के इस शानदार विचार के लिए आयोजकों की सराहना करता हूं। यह टूर्नामेंट की लोकप्रियता को और अधिक फैलाने में मदद करेगा और देश के नए कोनों से नए प्रशंसकों को लाने में भी सहायता करेगा।

पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री एवं खेल प्रेमी ममता बनर्जी की ओर से डूरंड कप को शुभकामनाएं देता हूं। हम 131वें संस्करण को पिछले वर्षों की तुलना में बड़ा और बेहतर बनाने में हर प्रकार का समर्थन देने का वादा करते हैं।

# चार साल के बेटे की मां 35 वर्षीय फ्रेजर बनी दुनिया की सबसे तेज धाविका, पांचवीं बार बनी विश्व विजेता

**यूगेन।** वह चार साल के बेटे ज्योन की मां हैं, 14 साल पहले वह पहली बार ओलंपिक में 100 मीटर की रेस जीतकर स्प्रिंट क्वीन बनीं थीं, अगले ही साल उनकी झोली में 100 मीटर का पहला विश्व खिताब था, जमैका की की शैली एन फ्रेजर प्राइस के लिए बढ़ती उम्र कोई मायने नहीं रखती है, क्यों कि 35 साल की उम्र में रविवार की शाम वह एक बार फिर दुनिया की सबसे तेज धाविका बन गईं। जी हां, शैली ने पांचवीं बार विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर का खिताब अपनी झोली में डाला। उन्होंने 10.67 सेकंड का समय निकालकर यह रेस जीती। जिस तरह अमेरिका ने फ्रेड कर्ली की अगुवाई में 100 मीटर रेस जीतकर पहले तीन स्थानों पर कब्जा जमाया, उसी तरह जमैका की धाविकाओं ने इस रेस में क्लीन स्वीप किया। शेरिका जैक्सन ने 10.73 सेकंड के साथ रजत और टोक्यो ओलंपिक




चैंपियन एलीन थांप्सन हेराह ने 10.81 सेकंड के साथ कांस्य जीता। हेवड्र्स फील्ड स्टेडियम में रविवार की शाम बीजिंग और लंदन ओलंपिक की 100 मीटर चैंपियन शैली एन फ्रेजर को नहीं बल्कि एलीन थांप्सन हेराह को जीत का दावेदार माना जा रहा था। हेराह से उम्मीद की जा रही थी कि वह अमेरिकी की फ्लोरेंस ग्रिफिथ जॉयनर की ओर से स्थापित 100 मीटर के विश्व कीर्तिमान 10.49 को भंग कर देंगी, लेकिन यह तो नहीं हुआ बल्कि गत विजेता शैली ने पिछले 23 साल से स्थापित मरियन जोंस के विश्व चैंपियनशिप के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए स्वर्ण जरूर झटक लिया। जोंस ने 1999 में 10.70 सेकंड के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया था।

एक साल पहले ही टोक्यो ओलंपिक में शैली को हेराह के हाथों स्वर्ण पदक खोना पड़ा था। हेराह तब 10.61 सेकंड के साथ विजेता बनी थीं, जबकि शैली ने 10.74 सेकंड का समय लिया था। हल्के पीले और हरे रंग से अपने बालों को रंगवाने वाली शैली ने जीत के बाद कहा कि टोक्यो से वापस जाने के बाद वह सिर्फ मेहनत करने में जुट गईं। वह इसी मेहनत के सहारे यहां आई और सफलता उनके हाथ में है। शैली ने 2009 में पहली बार विश्व चैंपियन बनने केबाद 2013, 15 और 2019 में विश्व खिताब जीता। उन्होंने जब 2019 में विश्व खिताब जीता तब उनका बेटा ज्योन दो साल का था। तब उन्होंने इसे मातृत्व की जीत बताया था।

# हार्दिक पांड्या के बदलाव से हैरान हैं संजय मांजरेकर, दिया यह बयान

**मुंबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर हार्दिक पांड्या के कठिन बल्लेबाज से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक के रूप में उभरने के साथ-साथ टीमों का नेतृत्व करने में सक्षम होने से काफी हैरान हैं। पांड्या ने हाल ही में सामने से नेतृत्व करके गुजरात टाइटंस को आईपीएल का खिताब दिलाया और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान अपनी कप्तानी और हरफनमौला कौशल को पर्याप्त रूप से बिखेरा। इसके बाद उन्होंने जोस बटलर के नेतृत्व वाली इंग्लैंड टीम को हराकर टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मांजरेकर ने संकेत दिया कि हो सकता है कि गुजरात टाइटंस ने नई आईपीएल फ्रेंचाइजी का कप्तान पांड्या को बनाकर बड़ा जोखिम उठाया हो, लेकिन ऑलराउंडर एक रहस्योद्घाटन कर रहा है क्योंकि उसने न केवल मैदान पर अपने लड़कों का नेतृत्व किया है, उसने आसान पारियां भी खेली हैं और टीम ने आईपीएल 2022 ट्रॉफी जीतने के लिए महत्वपूर्ण विकेट लिए। मांजरेकर ने कहा, बिल्कुल, हार्दिक पांड्या पूरी तरह से बदले हुए व्यक्ति हैं। यह एक वाइल्डकार्ड था जिसे फ्रेंचाइजी ने खेला था। सबसे पहले, उन्हें अपने पहले खिलाड़ियों में से एक के रूप में चुनना, इससे पहले उनकी फिटनेस एक समस्या थी, उनकी बल्लेबाजी पहले की फ्रेंचाइजी के लिए एक मुद्दा थी। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, उन्होंने न केवल उन्हें चुना और उन्हें अपने एक मार्की खिलाड़ी के रूप में समर्थन दिया, उन्होंने उन्हें कप्तानी दी। जिस तरह से (आईपीएल) लीग उनके लिए निकली, हार्दिक पांड्या अब एक बदले हुए व्यक्ति हैं, बहुत परिपक्वता है, जिम्मेदारी और महत्वाकांक्षा भी। मांजरेकर ने यह भी महसूस किया कि महत्वाकांक्षा वाले व्यक्ति के पास हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का एक अच्छा मौका होता है और वह पांड्या में उस विशेषता को देख सकता है। उन्होंने कहा, मुझे उनमें महत्वाकांक्षा की भावना आ रही है और भारतीय क्रिकेट के भीतर विकसित होना चाहते हैं तो जबरदस्त प्रेरणा है। वह अब खुद को तीसरे व्यक्ति में भी संबोधित कर रहे हैं। हार्दिक पांड्या आ गए हैं।

# रानिल विक्रमसिंघे बने श्रीलंका के नए राष्ट्रपति, लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

**कीव/मास्को।** श्रीलंका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे नए राष्ट्रपति चुन लिए गए। उन्होंने त्रिकोणीय मुकाबले में जीत हासिल की। सांसदों ने मंगलवार को उम्मीदवारों के रूप में कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे समेत तीन नामों का प्रस्ताव किया था।

नए राष्ट्रपति चुने गए विक्रमसिंघे नवंबर 2024 तक पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के शेष कार्यकाल के लिए पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति पद के लिए जिन तीन नामों का प्रस्ताव किया गया था उनमें रानिल विक्रमसिंघे (73), दुल्लास अल्हाप्पेरुमा(63) और अनुरा कुमारा दिसानायके (53) शामिल थे। अल्हाप्पेरुमा कट्टर सिंहली बौद्ध राष्ट्रवादी और सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के सदस्य हैं। उन्हें मुख्य विपक्षी नेता एस. प्रेमदासा ने समर्थन देकर अपना नाम वापस लिया है। वहीं, दिसानायके वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के प्रमुख सदस्य हैं।

इससे पूर्व विक्रम सिंघे व विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा समेत अनेक नेताओं ने संसद पहुंचकर मतदान किया। प्रेमदासा ने ट्वीट कर कहा था कि हम भ्रष्टाचार विरोधी, सभी के लिए समृद्धि, विश्वसनीय और पारदर्शी सरकार का समर्थन करेंगे।' प्रेमदासा ने कल राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।

**राष्ट्रपति सचिवालय के बाहर फिर प्रदर्शनकारी उमड़े**

विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति चुने



जाने के बाद राष्ट्रपति सचिवालय के बाहर एक बार फिर प्रदर्शनकारी उमड़ पड़े हैं। उनका विरोध किया जा रहा है।

**मैं राजपक्षे प्रशासन का हिस्सा नहीं था : विक्रमसिंघे**

राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने विभिन्न मुद्दों को लेकर बदनाम हुई राजपक्षे सरकार से दूरी बनाते हुए कहा था कि वह 'उस प्रशासन' में नहीं थे और उन्हें दिवालिया देश की 'अर्थव्यवस्था को संभालने' के लिए नियुक्त किया गया था।

**इसलिए संसद चुनती है नया राष्ट्रपति**

श्रीलंका के संविधान के मुताबिक बीच कार्यकाल में निर्वाचित राष्ट्रपति के हट जाने पर संसद नए राष्ट्रपति का चुनाव करती है। देश में चल रहे जोरदार सरकार विरोधी आंदोलन के कारण 2019 के चुनाव में विजयी हुए गोतबाया राजपक्षे 13 जुलाई को देश छोड़ कर भाग गए थे। बाद में उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया था। श्रीलंका की संसद में 225 सदस्य हैं। इनमें से कितनों ने वोट डाले और विक्रमसिंघे को कितने का समर्थन मिला, यह अभी पता नहीं चला है।

**कड़ी सुरक्षा के बीच हुए चुनाव**

श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने की शिकायत के बाद मंगलवार को श्रीलंका संसद परिसर में तथा उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। कड़ी सुरक्षा के बीच आज चुनाव कराए गए। अभयवर्धने ने आईजी के समक्ष सांसदों को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले भड़काऊ संदेशों के खिलाफ विस्तृत जांच की मांग की थी। इसके बाद, संसद परिसर में और उसके आसपास पुलिस तथा सेना को तैनात किया गया था। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों ने भी शिकायत की थी कि उन्हें सोशल मीडिया पर कार्यवाहक राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के खिलाफ मतदान करने की धमकी दी जा रही है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक होटल में अमेरिकी युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**पंजाब प्रांत।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दो लोगों ने 21 वर्षीय अमेरिकी युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

**17 जुलाई को फोर्ट मुनरो के एक होटल में हुई घटना**

घटना 17 जुलाई को डीजी खान जिले के हिल स्टेशन 'फोर्ट मुनरो' के एक होटल में हुई थी। यह लाहौर से करीब 500 किलोमीटर दूर है। पीड़िता एक व्लॉगर/टिकटॉकर है और एक फेसबुक पेज चलाती है। पीड़िता अपने सोशल मीडिया दोस्तों मुजमिल सिप्रा और अजान खोसा के साथ एक व्लॉग बनाने के लिए उस जगह का दौरा करने पहुंची थी।

डीजी खान जिले के उपायुक्त अनवर बरयार ने बताया कि अमेरिकी लड़की अपने सोशल मीडिया दोस्त मुजमल सिप्रा के निमंत्रण पर कराची से फोर्ट मुनरो आई थी, और वह रविवार को पंजाब के राजनपुर जिले में उसके घर पर भी गई थी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पाकिस्तान में टूरिस्ट वीजा पर आई युवती पिछले सात महीने से देश में रह रही थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि पीड़िता ने रविवार को फोर्ट मुनरो का दौरा किया और मुजमिल और उसके दोस्त अजान खोसा के साथ एक व्लॉग बनाया। पीड़िता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि 'हम फोर्ट मुनरो के एक होटल में रुके थे, जहां दोनों ने मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और मुझे ब्लैकमेल करने के लिए इस घटना का एक वीडियो भी बनाया।'

सीमा सैन्य पुलिस ने मुजमिल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 376 और 292 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में उल्लिखित अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने लड़की का मेडिकल लीगल टेस्ट भी करवाया है। पंजाब के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज ने घटना को लेकर संज्ञान लिया है और पंजाब पुलिस प्रमुख को व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संदिग्धों को कानून के मुताबिक कड़ी सजा दी जाएगी और पीड़िता को न्याय दिया जाएगा।

## जॉनसन सरकार ने संसद में जीता विश्वास मत, मध्यावधि चुनाव की संभावना टली

**लदनं।** ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन की सरकार ने संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ कॉमन्स) में विश्वास मत जीत लिया है। सदन के सांसदों ने निवर्तमान प्रधानमंत्री की सरकार का समर्थन किया है। इससे सरकार के सामने मध्यावधि चुनाव का संकट टल गया है। सरकार ने 349 में से 238 वोट पाकर जीत हासिल की। जॉनसन की सरकार ने रात को



मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के प्रतिद्वंद्वी रवैये को देखते हुए विश्वास मत का आह्वान किया था। विश्वास मत हार जाने पर सरकार को आम चुनाव करना पड़ सकता था। इस बीच, विपक्षी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारर ने सांसदों से जॉनसन के लिए अविश्वास प्रस्ताव देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, ब्रिटेन लेबर के साथ एक नई शुरुआत का हकदार है, अब हम अराजक टोरी पार्टी से आजाद हैं। स्कॉटिश नेशनल पार्टी के नेता इयान ब्लैकफोर्ड ने कहा, आज हमारे पास एक नाकाम पीएम और एक रूढ़िवादी पार्टी पर अपना फैसला डालने का मौका है, जो हमारे सामने गिर रही है। ब्रिटिश संसद की वेबसाइट पर अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का प्रसारण किया गया।

## अमेरिका की नेंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर भड़का चीन, "कड़ी कार्रवाई" की दी धमकी

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अगर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी कथित तौर पर ताइवान यात्रा की अपनी योजना पर आगे बढ़ती हैं, तो चीन ''दृढ़ एवं कड़ी कार्रवाई' करेगा। 'फाइनेंशियल टाइम्स' की एक खबर के अनुसार, पेलोसी अगस्त में स्वशासी द्वीप की यात्रा करने की योजना बना रही हैं, जिसे चीन अपना हिस्सा मानता है। पेलोसी का अप्रैल में ही ताइवान की यात्रा का कार्यक्रम था, लेकिन तब कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आने के कारण उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। पेलोसी बीते 25 वर्षों में अमेरिका के करीबी सहयोगी ताइवान की यात्रा करने वाली पहली शीर्ष अमेरिकी सांसद होंगी। उनसे पहले 1997 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन अध्यक्ष न्यूट गिंगरिच ताइवान यात्रा पर गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिज़ांग ने एक दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' पेलोसी की यात्रा चीन की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता को गंभीर रूप से कमजोर करेगी और चीन तथा अमेरिका के रिश्तों की नींव पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा।

# बिल गेट्स ने भारत में 200 करोड़ टीके लगने की उपलब्धि को सराहा, पीएम मोदी को यूं दी बधाई

**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने भारत में 200 करोड़ कोविड-19 टीकाकरण की उपलब्धि पर पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी। बता दें कि भारत अपने देश की आबादी को दो अरब से ज्यादा डोज देने वाला दूसरा देश बन गया है। अब तक भारत से ज्यादा कोरोना वैक्सीन के डोज सिर्फ चीन में ही लगाए गए हैं। भारत में 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.80 करोड़ (3,80,72,341) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी।

**कोरोना वैक्सीनेशन में दूसरा देश बना भारत**

अब तक भारत से ज्यादा कोरोना वैक्सीन के डोज सिर्फ चीन में ही लगाए गए हैं। जहां



अब तक तीन अरब से ज्यादा डोज दिए जा चुके हैं। चीन में अब 3.4 अरब से ज्यादा डोज दिए जा चुके हैं। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर कहा, 17 जुलाई, 2022..यह दिन हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत ने अब तक 2 अरब कोरोना खुराक लोगों के लगाई हैं। मैं इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य कर्मियों और नागरिकों को बधाई देता हूं।

**पीएम मोदी कहा- भारत ने फिर इतिहास रचा**

पीए मोदी ने ट्वीट किया कि भारत ने फिर इतिहास रचा। वैक्सीन की 200 करोड़ खुराक का विशेष आंकड़ा पार करने पर सभी भारतीयों को बधाई। उन लोगों पर गर्व है जिन्होंने भारत के टीकाकरण अभियान को अद्वितीय बनाने में योगदान दिया। इसने कोरोना के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, वैक्सीन के पूरे रोलआउट के दौरान, भारत के लोगों ने विज्ञान में उल्लेखनीय विश्वास दिखाया है। हमारे डॉक्टरों, नर्सों, फ्रंटलाइन वर्कर्स, वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और उद्यमियों ने एक सुरक्षित ग्रह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं उनकी भावना और दृढ़ संकल्प की सराहना करता हूं।

## अमेरिका व इंडोनेशिया में विमान क्रैश, दोनो दुर्घटनाओं में पायलट सहित 5 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो के बोल्डर में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने यह जानकारी दी।

एफएए की प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद वन क्षेत्र में आग लग गई थी, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया। हादसे के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। हादसा रविवार सुबह नौ बजकर 41 मिनट पर हुआ।

बोल्डर काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता कैरी हैवरफिल्ड ने बताया कि दो इंजन वाले विमान टी-337 जी में तीन यात्री और एक पायलट सवार था। उधर, इंडोनेशिया सेना का एक विमान रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान जावा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई। सेना के प्रवक्ता फर्स्ट मार्शल इंडान गिलांग ने बताया कि दक्षिण कोरिया में बना टी-50आई गोल्डन ईगल सामरिक प्रशिक्षण के दौरान मध्य जावा प्रांत के ब्लोरा जिले में देर रात वन क्षेत्र में गिर गया। विमान ने पूर्वी जावा के पड़ोसी प्रांत में इस्वाहुदी एयर बेस से उड़ान भरी थी, जिसके करीब एक घंटे बाद वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि विमान से आखिरी बार शाम सात बजकर 25 मिनट पर संपर्क हो पाया था। ग्रामीणों को झाड़ियों में विमान के टुकड़े बरामद हुए। हादसे की वजह अभी पता नहीं चल पाई है।

## समलैंगिक विवाह को संघीय सुरक्षा देने के लिए अमेरिका में बिल पास, 157 सांसदों ने किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में समलैंगिक विवाह को लेकर फिर से चर्चा जोरों पर है। इस बीच यूएस हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने समलैंगिक विवाह को संघीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक विधेयक पारित किया है। मंगलवार को यह विधेयक 267 में 157 वोटों से पारित हुआ। यूएस हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के 47 सांसदों ने भी अपना समर्थन दिया।

**बिल को सीनेट में मिल सकती है चुनौती**

अब इस बिल को सीनेट में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव से पास होने के बाद यह बिल सीनेट में रखा जाएगा। जहां इसे रिपब्लिकन पार्टी के 10 वोटों की जरूरत होगी। वहीं 100 सदस्यों वाले सीनेट में डेमोक्रेट्स पार्टी के 50 सदस्य हैं। दरअसल, हाउस डेमोक्रेट्स की ओर से



एलजीबीटीक्यू अधिकारों की रक्षा के लिए रिस्पेक्ट फॉर मैरिज एक्ट पेश किया गया है।

**दूसरे राज्यों में विवाह को मान्यता देने पर मजबूर करेगा एक्ट** -रेस्पेक्ट फॉर मैरिज एक्ट अमेरिकी राज्यों को दूसरे राज्य में किए गए वैध विवाह को मान्यता देने के लिए मजबूर करेगा। इसके अलावा यह एक्ट समान-लिंग बल्कि अंतरजातीय विवाहों को भी सुरक्षा प्रदान करेगा। यह विधेयक 1996 के विवाह अधिनियम के रक्षा अधिनियम को निरस्त करता है, जिसमें विवाह को एक पुरुष और एक महिला के बीच के मिलन के रूप में परिभाषित किया गया था।

## श्रीलंका में भारतीयों को किया आगाह, संकटग्रस्त देश को अब तक चार अरब डॉलर की मदद

**कोलंबो।** भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका की भारत लगातार मदद कर रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास' नीति के तहत भारत अब तक उसे 4 अरब डॉलर की आवश्यक वस्तुएं व विदेशी मुद्रा सहायता पहुंचा रहा है। इस बीच, कोलंबो स्थित भारतीय दूतावास ने श्रीलंका में रह रहे सभी भारतीयों को आगाह किया है। भारतीय उच्चायोग ने आज श्रीलंका में रह रहे सभी भारतीयों से कहा कि वे देश के ताजा हालात के प्रति सतर्क रहें और उसके अनुसार ही अपनी आवाजाही व गतिविधियां संचालित करें। जरूरत पड़ने पर व उच्चायोग से संपर्क कर सकते हैं। कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले ने एक न्यूज चैनल से चर्चा में कहा कि भारत श्रीलंका को आवश्यक वस्तुओं और विदेशी मुद्रा की लगातार मदद कर रहा है। भारत अब तक संकटग्रस्त पड़ोसी देश की मदद के बतौर 4 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। श्रीलंका हमारी पड़ोस नीति के केंद्र में है। बागले ने कहा कि भारत ने श्रीलंका की दो तरह से मदद की। पहला आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और दूसरी विदेशी मुद्रा भंडार के लिए मदद। भारत ने अब तक श्रीलंका को 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की है। इसमें से 50 करोड़ डॉलर ईंधन के लिए खासतौर से मदद की गई। इसके अलावा 40 करोड़



डॉलर की विदेशी मुद्रा सहायता और एशियाई क्लियरिंग यूनियन में करीब 2 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा सेटलमेंट को स्थगित किया गया। बागले ने कहा कि श्रीलंका सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से मदद की गुहार लगा रहा है। उसकी एक आर्थिक पैकेज के लिए सतत वार्ता जारी है, ताकि आर्थिक पुनर्वास हो सके। उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी देश की सतत मदद करता रहेगा और वहां आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रहे।

# ब्रिटेन में आम चुनाव की संभावना टली, सरकार ने जीता विश्वासमत

**लंदन।** निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की सरकार ने हाउस ऑफ कामन्स में विश्वासमत हासिल कर लिया है। सरकार ने 349 में से 238 वोट पाकर जीत हासिल की। सरकार ने सोमवार रात मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के रवैये को देखते हुए विश्वासमत का आह्वान किया था। इसके साथ ब्रिटेन में आम चुनाव की संभावना टल गई है। विश्वासमत न जीतने पर सरकार को आम चुनाव कराना पड़ सकता था।

लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारर ने सांसदों से जानसन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान देने का आग्रह किया था। स्काटिश नेशनल पार्टी के नेता इयान ब्लैकफोर्ड ने कहा था यह नाकाम प्रधानमंत्री और रूढ़िवादी पार्टी के खिलाफ फैसला करने का मौका है। इस अपील के बावजूद संसद ने मौजूदा सरकार के पक्ष में भरोसा जताया। ब्रिटिश संसद की वेबसाइट पर अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस का प्रसारण किया गया। इस बीच प्रधानमंत्री पद की दौड़ में भारतीय मूल के ब्रिटेन के पूर्व चांसलर ऋषि सुनक ने तीसरे दौर के मतदान में सबसे आगे निकल गए हैं।

# यूक्रेन युद्ध के बाद पुतिन की पहली विदेश यात्रा, ईरान के सर्वोच्च नेता खमेनेई से की मुलाकात

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ बातचीत की। 24 फरवरी को रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद पुतिन की पहली विदेश यात्रा है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति के कार्यालय में हुई।मॉस्को के सहयोगी यूरी उशाको के अनुसार, तेहरान के साथ मास्को की बैठक में द्विपक्षीय सहयोग के मुख्य पहलुओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर बातचीत होने की उम्मीद है, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर संयुक्त व्यापक कार्य योजना के आसपास की वर्तमान स्थिति शामिल है।

रूसी मीडिया के अनुसार पुतिन के प्रतिनिधि ने तेहरान को मास्को का एक महत्वपूर्ण भागीदार कहा, साथ ही रिश्तों के बारे में बात करते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, सदियों पुराना इतिहास है और क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में बहुत प्रभावी ढंग से विकसित हो रहे हैं।

**पुतिन ने ईरान में ड्रोन की डिलीवरी पर चर्चा नहीं की**



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ ड्रोन की डिलीवरी पर चर्चा नहीं की। इसकी जानकारी क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने मंगलवार को दी।

मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया था कि ईरानी सरकार हथियारों से लैस ड्रोन समेत कई सौ ड्रोन रूस को सप्लाई करने की तैयारी कर रही है। क्रेमलिन के सहयोगी ने आगे कहा कि उन्होंने सर्वोच्च नेता के साथ वैचारिक मुद्दों पर चर्चा की है। साथ ही ही कहा कि सामान्य तौर पर दुनिया की स्थिति और द्विपक्षीय संबंध पर बातचीत हुई।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इंडोनेशिया के बेंकुलू में भूकंप के झटके, तीव्रता 5.4

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बेंकुलू प्रांत के दक्षिण-पश्चिम में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गई। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने यह जानकारी दी।

भूकंप का केंद्र 57.17 किलोमीटर की गहराई के साथ शुरू में 4.1899 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 102.1095 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित था। फिलहाल किसी तरह के जानमाल की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण पश्चिम एशिया के द्वीप समूहों में बसा इंडोनिशया दुनिया में भूकंप के सबसे अधिक खतरे वाला देश है।

यहां आमतौर पर भूंकप के शक्तिशाली झटके महसूस किए जाते हैं।

इंडोनेशिया में 28 मार्च, 2005 सुमात्रा द्वीप पर आए भूकंप में 1300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। तीव्रता के हिसाब से यह 1965 के बाद दुनिया का चौथा सबसे बड़ा भूकंप और कुल मिलाकर दुनिया का ग्यारहवां सबसे शक्तिशाली भूकंप था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 8.6 मापी गई थी।

# ब्रिटिश पीएम की दौड़ में अव्वल ऋषि ने कहा, मुझे अपने हिंदू होने पर गर्व

लंदन। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री की दौड़ में सबसे आगे चल रहे भारतवंशी ऋषि सुनक ने साफ कहा है कि उन्हें अपने हिंदू होने पर गर्व है। इस समय सोशल मीडिया पर उनके इस बयान के साथ लंदन स्थित घर के बाहर दीवाली पर दीप प्रज्वलित करते फोटो व वीडियो वायरल हो रहे हैं। ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद वहां नए प्रधानमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। चार चक्रों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भारतवंशी ऋषि सुनक सबसे आगे चल रहे हैं। अब तक आए रुझानों व सर्वेक्षणों में भी माना जा रहा है कि ऋषि सुनक ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। ऐसे में सुनक को लेकर सोशल मीडिया पर तमाम बयान, फोटो व वीडियो आदि वायरल हो रहे हैं। इन वायरल फोटो व वीडियो में उनके लंदन स्थित मौजूदा आवास 11, डाउनिंग स्ट्रीट में पिछली दीवाली पर उनके द्वारा दीप प्रज्वलित किये जाने वाले फोटो व वीडियो भी शामिल हैं। लंदन में प्रधानमंत्री आवास का पता 10, डाउनिंग स्ट्रीट है। ऐसे में चर्चा है कि ऋषि सुनक अगली दीवाली 10, डाउनिंग स्ट्रीट में दीप प्रज्वलित कर मनाएंगे।

इसके अलावा ऋषि सुनक द्वारा स्वयं को गौरवशाली हिंदू कहे जाने का बयान भी वायरल हो रहा है। वर्ष 2020 में सुनक ने हाथ में भगवद्गीता लेकर वित्त मंत्री पद की शपथ ली थी। इस पर एक ब्रिटिश अखबार ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने साफ कहा था कि वे अब ब्रिटिश नागरिक हैं किन्तु उनका धर्म हिंदू है। उन्होंने कहा कि भारत उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। वे बोले, 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं एक हिंदू हूं और हिंदू होना ही मेरी पहचान है।' ऋषि सुनक हमेशा अपने कार्यालय की मेज पर भगवान गणेश की प्रतिमा रखते हैं और गोमांस का सेवन नहीं करते हैं।